# अरविन्द राजभर को जीताकर जातिवाद पर करे प्रहार – एके शर्मा

लखनऊ।प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने गृह जनपद दौरे की शुरुआत एनडीए प्रत्याशी डॉ0 अरविंद राजभर के समर्थन में कोपागंज में जनसंपर्क अभियान से की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना के चिरैयाकोट, रायपुर, सिरसा, कमथरी चट्टी, रानीपुर, खिरिया, काझा पश्चिम पोखरा, प्रभुतण्डा आदि में आयोजित जन–चौपाल को सम्बोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जो जातिवाद का ग्रहण लग चुका है, उसे हम सबको मिलकर हटाना है। पिछले लोकसभा चुनाव में आप सबने जाति को देखते हुए एक ऐसे प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा भेजा, जिसका पूरा कार्यकाल जेल में ही बीत गया। इसीलिए इस चुनाव में जातिवाद में न पड़ते हुए हमें एनडीए के प्रत्याशी डॉ0 अरविंद राजभर को छड़ी चुनाव निशान का बटन दबाकर भारी मतों से जिताना है और घोसी लोकसभा में कमल खिलाकर डबल इंजन सरकार का लाभ उठाना है। मंत्री ने कहा कि मैं आपके गाँव का ही बेटा हूं, मुझसे इतने कम समय में इस क्षेत्र का जितना विकास हो पाया है, मैंने किया है और इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी निरंतर आपके लिए, अपने जिले के लिए और इस प्रदेश के लिए हमेशा आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करता रहूँगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का विकास तभी संभव हो पाया है जब केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी की डबल इंजन की सरकार है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का यही फायदा होता है।। उन्होंने कहा कि चुनाव में जातिवाद का ग्रहण लग चूका है। हमें इस ग्रहण को हटाने का काम करना है। मत्री श्री शर्मा ने कह कि इस चुनाव में हमें जातिवाद में नहीं पड़ना है। इसके पहले के चुनाव में आपने अपनी ही जाती को वोट देकर जिताया था। क्या मिला... पूरे 05 साल आप अपने सांसद का चेहरा तक देखने को तरस गए। पूरे कार्यकाल में वह सांसद जेल में बंद रहे। ऐसे जातिवाद का क्या फायदा... ? उन्होंने कहा कि हमें हवा के विपरीत नहीं चलना चाहिए। इतना तो आप सब जानते ही हैं कि देश में फिर एक बार भाजपा की सरकार बन रही है और मोदी जी प्रधानमंत्री बन रहे हैं। प्रदेश में योगी जी हैं ही, इसी तरह आप अपने लोकसभा में भी जब एनडीए गठबंधन की सरकार बनायेंगे तो उसका लाभ आपको ही सीधे मिलेगा। उन्होंने कहा कि छड़ी का निशान विजई होने जा रहा है और बाकी दो प्रत्याशी जो लड़ रहे हैं। वो तो सिर्फ दुसरे और तीसरे नंबर पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। एनडीए के प्रत्याशी डॉ0 अरविन्द राजभर को निःसंकोच होकर वोट दीजिये और डबल इंजन की सरकार का लाभ उठाइए। इस बार आप यह संकल्प कर लीजिये कि बिना जातिवाद में पड़े छड़ी को वोट देकर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि चिरैयाकोट में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है। चिरैयाकोट को 04 करोड़ रुपए विकास कार्यों के लिए दिया है। ऐसे ही लगभग 3000 करोड़ रूपये एमएलसी बनने के बाद से अभी तक मऊ को दिया है। आपने देखा ही होगा कि लाइट, मंगलम, आवास, शौचालय, सड़कें, फोरलेन जैसी सुविधाएँ दी गयीं हैं। मोदी जी ने 04 करोड़ लोगों को आवास दिया, वहीँ 03 करोड़ और 05 साल में देने का संकल्प लिया गया है। करोड़ों शौचालय, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना, मुफ्त गैस सिलेंडर का लाभ देने का काम किया है. इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। मंत्री ने कहा कि विपक्षीदल मुद्दाविहीन हो चुके है, इसलिए भ्रम फैलाने का काम कर रहे है। विपक्षी कह रहे हैं कि मोदी जी फिर से आयेंगे, तो आरक्षण खत्म कर देंगे। आप खुद ही सोचिये क्या ऐसा संभव है। विपक्षी कहते हैं संविधान बदल देंगे। यह तो आप भी जानते हैं कि 10 साल केंद्र में रहते हुए, अगर कुछ ऐसा करना होता तो कर दिया होता मोदी जी ने। और हां... धारा 370 खत्म करनी थी सो खत्म कर दी। अब तो संविधान को पूर्णतः लागू करने का वक्त आया है, और वही किया जायेगा, जो अभी तक विपक्षी दलों द्वारा नहीं किया गया। संवैधानिक व्यवस्था और आरक्षण को समाप्त करने का जो विपक्ष द्वारा इस तरह का दुष्प्रचार करके भ्रम फैलाया जा रहा है, वह चुनाव के अंतिम समय आप सबको भटकाने और आपके वोट को खराब करने के लिए किया जा रहा है। देश में बदलाव अगर कुछ होगा, तो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के मंशानुरूप ही बदला जायेगा, उनकी भलाई के लिए किया जाएगा। वैसे अब बारी तो भूगोल बदलने की है। यहाँ से लेकर पीओके तक में बदलाव का काम किया जाएगा। आप इन सब भ्रम में न पड़िए, और एकजुट होकर छड़ी का बटन दबाकर कमल खिलाने का काम करिए। डॉ0 अरविन्द राजभर एनडीए के युवा प्रत्याशी है, सांसद बनने जा रहे हैं। घोसी लोकसभा के विकास के लिए जो भी करना होगा सब मिलकर करेंगे और जो बच जाएगा, उसके लिये आपका यह अरविन्द शर्मा है, जो आप कहेंगे वो पूरा हो जाएगा। चिरैयाकोट जन चौपाल कार्यक्रम में गणेश सिंह, बेचन सिंह, बूथ अध्यक्ष बृजेश सिंह, ओमकार यादव, चन्द्र देव यादव, पियूष सिंह राणा, विनोद सिंह, अमित वर्मा, रमेश वर्मा, विनय सिंह, सुनील, संदीप तिवारी मौजूद रहे. वहीं रायपुर में अरुण सिंह, साहब सिंह कार्यक्रम संचालक, अशोक सिंह, राम बचन सिंह, बल्लू सिंह, नन्द लाल राजभर समेत सभी जन चौपाल में भाजपा और सुभासपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव–2024 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई होना तय– अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव–2024 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई होना तय है। लगातार पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ गिरता रहा है। पूर्वांचल से भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से सफाया होगा। समाजवादी पीडीए परिवार इंडिया गठबंधन के साथ जिस तरीके से मिलकर भाजपा का सफाया कर रहा है उससे साफ जाहिर है कि छठवें और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकसभा की 27 की 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है।कहा कि भाजपा ने जनता से जितने झूठे वादे किए उससे व्यापक आक्रोश है। लोगों को अब भाजपा नेतृत्व के वादों और गारन्टी पर तनिक भी विश्वास नहीं हो रहा है। भाजपा ने लोगों को वैक्सीन लगवाकर उनका जीवन संकट में डाल दिया। वैक्सीन कम्पनी अपनी वैक्सीन वापस ले रही है लेकिन जो वैक्सीन लोगों को लग गयी है वो अब कैसे वापस होगी? वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी इलेक्टोरल बांड से वसूली कर ली। कम्पनियों ने महंगाई बढ़ाकर लोगों को लूटा है। इसीलिए भाजपा जनता के मुद्दों से मुंह चुरा रही है और मतदाताओं को दूसरे मुद्दों से भटकाने में लग गई है। लेकिन सच यही है कि काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती है। जनता का भरोसा भाजपा पूरी तरह से खो चुकी है।अखिलेश यादव ने कहा कि खेतीबाड़ी से जुड़े लोग जानते हैं कि 10 साल में किसान सबसे ज्यादा परेशान रहा है। किसान की आय दुगनी तो हुई नहीं उत्पादन लागत बढ़ा दी गई। बिजली, खाद, कीटनाशक, डीजल, पेट्रोल सब महंगा कर दिया। किसान लगातार घाटे में जा रहा है। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। कहा कि नौजवानों की एक तिहाई जिंदगी बेकार हो गई है। नौकरी, रोजगार के सभी अवसर बंद है। बड़ी कम्पनियां छंटनी कर रही है। सरकार पेपर लीक कराकर पेपर रद्द करने का बहाना बनाकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। 30 लाख नौकरियां खाली है पर भाजपा सरकार भर्ती नहीं कर रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब ज्यादा गरीब हुआ है जबकि बड़े–बड़े उद्योगपतियों को बैंक से लिया गया 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने के बाद उन्हें फिर कर्ज दिया गया है। भाजपा सरकार में बैंक से कर्ज लेकर तमाम बड़े कारोबारी विदेश भाग गए। आज तक उनको कानून के घेरे में नहीं लाया जा सका है। इसके विपरीत भाजपा ने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विपक्षी नेताओं के पीछे लगाकर उनका उत्पीड़न कर रही है। उनका उत्पीड़न और अपमान कर रही है।भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है समाज को बांटने की साजिशें हो रही है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के संविधान में दिया गया आरक्षण समाप्त किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा खतरा लोकतंत्र और संविधान पर है संविधान रहेगा तो जनसामान्य को न्याय मिलेगा। दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के साथ हक और अधिकार मिलेगा। भाजपा आरक्षण विरोधी है इसीलिए आउटसोर्स से भर्तियां की जा रही है। सामाजिक न्याय से भाजपा को परहेज है। वह जनता के अधिकारों को छीनकर अंधेर राज चलाना चाहती है।

# ‘हमने लेफ्टिनेंट जनरल के बेटे को प्रत्याशी बना किया सुरक्षा बलों का सम्मान, आपको जिताकर बढ़ाना है मनोबल: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



देवरिया लखनऊ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। वहीं कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थी। कांग्रेस के एक बुद्धिदाता कहते हैं कि भारत में राम मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिये। ये सब रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही हैं। इनको जवाब देने का वक्त आ गया है क्योंकि देश में बिना प्रभु श्रीराम के कोई काम ही नहीं होता है। पिछले दस वर्षों में देश में जो विकास और विरासत का सम्मान हुआ है, उसके असली हकदार जनता जनार्दन है। आपके वोट की ताकत से ही आज दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पंच प्रण में सुरक्षा बलों के सम्मान की बात भी कही थी। इसी के तहत मोदी सरकार ने देवरिया लोकसभा क्षेत्र से लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। अब आपको इन्हें जिता कर सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पथरदेवा के देवरिया लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले देवरिया को लेकर पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी। यही वजह थी कि उन्होंने देवरिया के विकास को लेकर कुछ नहीं कहा, लेकिन आज देवरिया विकास की नई गाथा लिख रहा है। यहां पूज्य देवराहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। वहीं बगल में कृषि विश्वविद्यालय बना रहा है। पहले जून समाप्त होते ही इंसेफेलाइटिस को लेकर हर घर में एक विचलन पैदा होती थी, लेकिन हमने इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के तहत काम कर रही है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन अनर्थकारी है क्योंकि जब यह बनता है तो देश और प्रदेश में आतंकवादी घटनाएं होती है। यह हर बार नया ब्रांड लेकर आ जाते हैं, लेकिन माल पुराना ही है। इनसे सावधान रहना है। यह झूठ बोलकर आपको गुमराह कर रहे हैं कि बीजेपी आरक्षण खत्म कर देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको बता दें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है। उनके पंच तीर्थ का निर्माण मोदी सरकार में हुआ है। भाजपा के समर्थन से ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से नवाजा गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि भाजपा के रहते अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण को कोई समाप्त नहीं कर सकता है। वहीं कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के कारनामे जनता जनार्दन से छिपे नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में इंडी गठबंधन की प्रमुख घटक टीएमसी ने वहां ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलमानों को दे दिया। इस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने उसे रोक दिया और सभी प्रमाण पत्र खारिज कर दिये हैं। यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कांग्रेस यह प्रयास कर चुकी है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के विरोध के चलते सफल नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह देश विरोधी हैं। इन्होंने पहले देश के संविधान के साथ खिलवाड़ किया फिर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरा कर उनका अपमान किया। इतना ही नहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान के विरुद्ध जाकर कश्मीर में धारा 370 लगाई। इसके बाद भारत के संविधान का गला घोंटने के लिए 1975 में देश में इमरजेंसी लगा दी। कांग्रेस लगातार देश में संविधान विरोधी आचरण करती है। वहीं आज यह आपको गुमराह करने की कोशिश कर रही है, लेकिन सतर्क रहने की जरुरत है। इंडी गठबंधन देश में पर्सनल लॉ लागू करने की बात कहता है। इसका मतलब वह तालिबानी शासन और शरिया कानून लागू करना चाहता है

, जिसमें बेटियों को स्कूल और महिलाओं को बाजार नहीं जाने दिया जाएगा। उन्हे बुर्का पहनना पड़ेगा। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यही वजह है कि पूरे देश एक स्वर में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है।

# 23 मई को कुल 207.24 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी,नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 23 मई, 2024 तक कुल 49527.39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9182.78 लाख रुपये नकद धनराशि, 5542.28 लाख रुपये कीमत की शराब, 23865.20 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2559.03 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5567.16 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 23 मई, 2024 को कुल 207.24 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 16.87 लाख रुपये नकद धनराशि, 24.54 लाख रुपये कीमत की 9020.03 लीटर शराब, 18.34 लाख रुपये कीमत की 75397 ग्राम ड्रग, 147.44 लाख रुपये कीमत की 2006.01 ग्राम बहुमूल्य धातु एवं 0.04 लाख रुपये कीमत की 2 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी का मतदान आज

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के प्रेस कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 38–सुल्तानपुर, 39–प्रतापगढ़, 51–फूलपुर, 52–इलाहाबाद, 55–अम्बेडकरनगर, 58–श्रावस्ती, 60–डुमरियागंज, 61–बस्ती, 62–सन्त कबीर नगर, 68–लालगंज(अ0जा0), 69–आजमगढ़, 73–जौनपुर, 74–मछलीशहर (अ0जा0), 78–भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292–गैंसड़ी में 25 मई, 2024 को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 6.00 बजे तक चलेगा, जो भी मतदाता शाम 06:00 बजे पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 15 जनपदों – सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292–गैंसड़ी जनपद बलरामपुर में अवस्थित हैं। इन 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर क्रमशः जिलाधिकारी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़, जिलाधिकारी, आजमगढ़, जौनपुर, मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर व जिलाधिकारी, भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी के रिटर्निंग आफिसर उप जिला अधिकारी तुलसीपुर अधिसूचित हैं। छठवें चरण में कुल 2,70,69,874 (02 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874) मतदाता हैं, जिसमें 1,43,30,361 पुरूष (01 करोड़ 43 लाख 30 हजार 361) तथा 1,27,38,257 महिला (01 करोड़ 27 लाख 38 हजार 257) एवं 1,256 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। छठवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संतकबीरनगर तथा सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 162 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं। छठवें चरण में सबसे अधिक 26 प्रत्याशी प्रतापगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 06 प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। छठवें चरण के चुनाव में कुल 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिसमें से 3978 क्रिटिकल हैं। 17,113 मतदान केन्द्र हैं। 40–फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मतदेय स्थल 343 प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान किया जायेगा। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में कुल 3,63,234 (03 लाख 63 हजार 234) मतदाता हैं, जिसमें 1,93,822 (01 लाख 93 हजार 822) पुरूष तथा 1,69,393 (01 लाख 69 हजार 393) महिला एवं 19 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। 413 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 76 क्रिटिकल तथा 252 मतदान केन्द्र हैं। कुल 07 प्रत्याशी हैं। 38–सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 18,52,590 मतदाता हैं, जिनमें 9,64,363 पुरूष, 8,88,178 महिला तथा 49 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1991 है। 39–प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए 26 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 18,33,312 मतदाता हैं, जिनमें 9,70,013 पुरूष, 8,63,294 महिला तथा 05 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1902 है। 51–फूलपुर लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 20,67,043 मतदाता हैं, जिनमें 11,22,020 पुरूष, 9,44,827 महिला तथा 196 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2068 है। 52–इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 18,25,730 मतदाता हैं, जिनमें 9,88,343 पुरूष, 8,37,149 महिला तथा 238 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1813 है। 55–अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट के लिए 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,11,297 मतदाता हैं, जिनमें 9,95,843 पुरूष, 9,15,421 महिला तथा 33 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1966 है। 58–श्रावस्ती लोकसभा सीट के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,80,381 मतदाता हैं, जिनमें 10,58,663 पुरूष, 9,21,664 महिला तथा 54 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2104 है।

60–डुमरियागंज लोकसभा सीट के लिए 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,61,845 मतदाता हैं, जिनमें 10,45,086 पुरूष, 9,16,618 महिला तथा 141 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2178 है।61–बस्ती लोकसभा सीट के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,02,898 मतदाता हैं, जिनमें 10,11,878 पुरूष, 8,90,923 महिला तथा 97 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2151 है।62–संत कबीर नगर लोकसभा सीट के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 20,71,964 मतदाता हैं, जिनमें 11,03,317 पुरूष, 9,68,603 महिला तथा 44 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2214 है।68–लालगंज (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 18,38,882 मतदाता हैं, जिनमें 9,61,857 पुरूष, 8,77,000 महिला तथा 25 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1886 है।69–आजमगढ़ लोकसभा सीट के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 18,68,165 मतदाता हैं, जिनमें 9,88,858 पुरूष, 8,79,264 महिला तथा 43 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1915 है।73–जौनपुर लोकसभा सीट के लिए 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,77,237 मतदाता हैं, जिनमें 10,26,234 पुरूष, 9,50,912 महिला तथा 91 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1955 है।74–मछलीशहर (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 19,40,605 मतदाता हैं, जिनमें 10,16,490 पुरूष, 9,24,046 महिला तथा 69 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 1944 है।78–भदोही लोकसभा सीट के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस लोकसभा क्षेत्र में 20,37,925 मतदाता हैं, जिनमें 10,77,396 पुरूष, 9,60,358 महिला तथा 171 थर्ड जेण्डर हैं। मतदेय स्थलों की संख्या 2084 है।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 03 विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, 08 पुलिस प्रेक्षक तथा 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 6952 भारी वाहन, 7560 हल्के वाहन तथा 121246 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। चुनाव में मतदान के लिए 34145 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 36986 बैलट यूनिट तथा 36385 वी0वी0पैट तैयार किये गये हैं।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गयी है। छठवें चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्धसैनिक बलोंध्पुलिस बलों के व्यवस्थापन के दृष्टिगत आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गयी है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 24 व 25 मई, 2024 को अयोध्या में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 25 मई, 2024 को प्रयागराज में रहेगी।50 प्रतिशत से अधिक मतदेय स्थलों पर (14 हजार 480 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त 5,057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। छठवें चरण में कुल 293 आदर्श मतदेय स्थल एवं 86 महिला, 52 दिव्यांग तथा 63 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप निर्वाचकों को वितरित करायी गयी है, जिसके माध्यम से उन्हे अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। छठवें चरण में कुल 02 करोड़ 66 लाख 63 हजार 266 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गयी है। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप, भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। छठवें चरण के जनपदों में 34 लाख 46 हजार 737 परिवारों को वोटर गाइड वितरित की गयी है। छठवें चरण के जनपदों में 27 अक्टूबर, 2023 से 24 मई, 2024 तक कुल 18 लाख 39 हजार 749 मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित कराये गये हैं।

मतदान की अवधि में सभी बी0एल0ओ0 एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ मतदाता सहायता बूथ पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं जगह–जगह पर वॉलन्टियर की व्यवस्था की गयी है, जो कि दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य फोटो पहचान पत्र (यथा–आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकोंध डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकारध लोक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदोंधविधायकोंधविधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी(यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किये जाने हेतु मान्य होंगे। मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल–फ्री नं0–1800–180–1950 प्रदेशस्तर पर तथा 1950 जिलास्तर पर काल करके दर्ज करायी जा सकती है। इसके अतिरिक्त सी–विजिल, एन0जी0एस0पी0ध वी0एच0ए0 पर भी शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

कूरेभार सुलतानपुर(आरएनएस)। शुक्रवार की भोर लगभग 3.30 बजे थाना क्षेत्र कूरेभार के (मियांगंज पटना चौराहा) के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाजपा नेता को टक्कर मार दिया। जिससे भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें आनन फानन में सीएचसी कूरेभार पहुंचाया, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताविक उमेश चंद्र दूबे (55)पुत्र स्व. राम सुख दूबे मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा धनपतगंज,निवासी दूबे का पुरवा मजरे पुरखीपुर का 17 दिवसीय नाती की बीते गुरुवार को लखनऊ के एक सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार की सायं गांव में कर दिया गया था। इस घटना को सुनकर मृतक का साला उनके घर आ रहा था, जिसे लेने के लिए वे अपनी बाइक से भोर में ही कूरेभार के लिए बाइक से निकल पड़े, जैसे ही वे मियागंज (पटना चौराहा) के पास पहुंचे ही थे, कि बिपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस बावत प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेज दिया गया है। अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रभात फेरी एवं विपश्यना साधना त्रिशरण पंचशील बुद्ध वन्दना मैत्रीपूर्ण संपन्न हुआ

झांसी! सुगत बुध्द विहार चौरिटेबिल ट्रस्ट पारीछा के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम सुगत बुध्द विहार विपश्यना केंद्र पारीछा झांसी में धम्म प्रभात फेरी एवं विपश्यना साधना त्रिशरण पंचशील बुद्ध वन्दना ध ाम्मदेसना के साथ मैत्रीपूर्ण संपन्न हुआकार्यक्रम की अध यक्षता भदन्त कुमार काश्यप महाथेरो प्रबन्धक अध्यक्ष बुन्देलखण्ड क्षेत्र अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ सुगत बुध द विहार चौरिटेबिल ट्रस्ट पारीछा ने की मुख्यातिथि यशस्वी राजीव सिंह पारीछा विधायक बबीना एवं इं मनोज कुमार सचान मुख्य महाप्रबंधक पावर हाउस पारीछा रहे, विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार अहिरवार ट्रस्टी एवं बुन्देलखण्ड प्रभारी बसपा मा,बी के गौतम सचिव ट्रस्टी एवं जिलाध्यक्ष बसपा, आयु बृजेन्द्र सिंह राजपूत ब्लॉक प्रमुख बड़ागांव इं आर एन श्रीवास्तव जी एम इं सुरेश कुमार अधीक्षण अभियंता आयु डी के सिंह अधीक्षण अभियंता प्रशासन इं चन्द्रमा प्रसाद अधीक्षण अभियंता इं नरेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता डॉ ज्योति सिंह वर्मा डॉ अनुपम सोनी आयु केशव दास बौद्ध पूर्व एडीएम कार्यक्रम का संचालन आयु कमलेश कुमार बौद्ध कोटरा सचिव प्रबन्धन समिति ने किया

आयु लखन लाल आईपीएस भोपाल डॉ डी नाथ डॉ एस एन कंचन आयु गंगाराम चौधरी महेश चन्द्रा इं दिवाकर शुक्ला इं राम जन्म डॉ प्रवीण कुमार शशि डॉ बृजेन्द्र सिंह बौद्ध डॉ राज बहादुर आयु हरचरण लाल बौद्ध जिला भारतीय बौद्ध महासभा इं जसवंत सिंह इं अजय सुमन सुमित गौतम इं सुभाष चंद्रा इं आयु विनीत कुमार गौतम प्रवेश कुमार संजय कुमार नीरज प्रदीप कुमार महेंद्र सिंह डॉ एस एस गौतम डॉ राजेंद्र प्रसाद वीर सिंह पूर्व प्रधान औतार सिंह संतराम चौधरी लेखपाल बौद्ध अरविंद बौद्ध कमल किशोर डॉ बी के सिद्धार्थ इं राजेश सिंह इं बिपिन आर्या अजय शिवम इं नवीन कुमार कमलेश महिरवान कैलाश डॉ अनुरुद्ध गोयल इं पवन गौरव विजय गोयल राजेश कुरील कार्यक्रम में उपासिकायें डॉ हेमा शोभने डॉ लक्ष्मी आयुष्मती आशा नीतू,लता,रीना, चन्दा, ज्योति,संघमित्रा, भारती जी और बच्चों परी,मिस्ठी, खुसी,मिली,आयुसी,आराध्या, राधि ाका,आस्था,रितिका,तनिष्कआदि के द्वारा सांस्क्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए लखनऊ उरई दतिया ग्वालियर कानपुर बालाघाट छत्तरपुर आदि अनेक जनपदों के बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा पर तथागत भगवान बुध द से आशीर्वाद लिया।




# यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को नि:शुल्क भोजन वितरण

सुल्तानपुर(आरएनएस) । जिले की अग्रणी सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में सगठन के अध यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मरीजो तीमारदारों और



यात्रियों तथा जरूरतमन्दों निःशुल्क भोजन का वितरण कार्य का सिलसिला जारी है। देर शाम बृहस्पतिवार को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालयध्महिला अस्पताल में अफसर हुसैन खान मैनेजर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस और उनकी पत्नी रजिया खान ने भोजन की थाली मरीजो और उनके तीमारदारों को देकर शुभारंभ किया। उधर रेलवे स्टेशन पर संत द्वारिका प्रसाद पीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर निधि वर्मा ने यात्रियों जरूरतमन्दों को मुफ्त भोजन की थाली देकर शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि आज मेन्यू में अरहर की दाल लौकी चना की सब्जी रोटी और चावल शामिल थी। मेडिकल कालेज में 250 और रेलवे स्टेशन पर 123 कुल 373 लोगो को मुफ्त भोजन वितरण किया गया।

# पत्रकारों ने दिया जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र

झांसी! आज 24 मई को एरच के डेरा घाट मामले के पीडित पत्रकारों ने दिया डीआईजी. एसपी तथा डीएम को प्रार्थना पत्रआरोप लगाया कि विधायक गरौठा के पुत्र द्वारा पीडित पत्रकारों को झूठे मुकदमे में फसाने की की जारही साजिश9 उदाहरण कल 23 मई को रात्रि लगभग 8बजे विधायक के लल्ला द्वारा 40.50 लोगों को साथ लेकर थाना ऐरच में पत्रकारों के ऊपर झूठा मुकदमा लिखाने के लिए किया धरना प्रदर्शन जबकि प्रदेश में धारा 144 लागू है जिसका खुलेआम उल्लंघन किया गया लेकिन सत्ता की हनक के सामने पुलिस प्रशासन मौन धारण किए है अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गयीज्ञापन देते हुए सभी पत्रकारोँ ने निर्णय लिया गया कि आरोपियों की तीन दिन के अन्दर गिरफ्तारी नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा और जरूरत हुई तो प्रदेश स्तर भी धरना किया जायेगा



# आध्यात्मिक प्रेम के ही कारण कृष्ण ने रुक्मणी से शादी रचाई–श्री रवि शंकर महाराज

सुल्तानपुर(आरएनएस)। सात दिवसीय चल रहे श्रीमद् भागवत कथा एवं लड्डू गोपाल पूजन ज्ञान यज्ञ कथा के छाठवें दिन कृष्ण और रुक्मणी का विवाह कथा व्यास श्री रवि शंकर महाराज (गुरु भाई) के सानिध्य में चल रहे चल रहे कथा को भक्तों ने श्रवण किया। कथा यजमान गुलाब चंद्र बरनवाल पूरे परिवार सहित कथा श्रवण के पूर्व आरती में सम्मिलित हुए सभी भक्तों एवं अतिथियों का सम्मान किया।शहर के राहुल टॉकीज चौराहा निकट आशीर्वाद मैरिज लान में चल रहे सात दिवसीय भव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं लड्डू गोपाल पूजन में व्यास श्री रविशंकर महाराज (गुरु भाई) के मुखारविंद से कथा श्रवण करते हुए श्री भागवत भगवान की है आरती, पापियों को पाप से है तारती, का अमृत रसपान किया। महराज श्री ने छठवें दिन की कथा में रुक्मणी विवाह में भक्ति से सराबोर होकर जमकर हुए नृत्य ने सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि रुक्मणी श्रीकृष्ण को पसंद करती थीं और उन्हें मन ही मन अपना पति स्वीकार कर चुकी थीं. श्रीकृष्ण को पता चला कि रुक्मणी का विवाह उनकी इच्छा के विरुद्ध किसी और के साथ हो रहा है. तब उन्होंने रुक्मणी से विवाह रचा लिया. क्योंकि दोनों के बीच आध्यात्मिक प्रेम था। 19 तारीख दिन रविवार से प्रतिदिन मे अलग–अलग महात्म्य की कथा के रूप में प्रथम दिवस



श्रीमद् भागवत का संपूर्ण महत्व, व धुंधकारी एवं गोकर्ण की कथा, प्रहलाद चरित्र एवं समुद्र मंथन की कथा, श्री कृष्ण का जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, कृष्ण–रुक्मणी विवाह, अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की कथा का रसपान करेंगे। भक्तों को कथा व्यास श्री रविशंकर जी महाराज के पावन सानिध्य मे श्रवण करने का सुखद अवसर प्राप्त हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री लड्डू गोपाल पूजन मे कार्यक्रम के संरक्षक गुलाब चंद्र बरनवाल, डॉक्टर सुभाष चंद्र बरनवाल, रामकुमार बरनवाल, शिवकुमार व गणेश बरनवाल, दिनेश बरनवाल, रजनीश बरनवाल, डॉक्टर यशांक बरनवाल, शुभम बरनवाल, मनीष बरनवाल, आशीष बरनवाल, रजत बरनवाल के अलावा व्यवस्थापक के रूप में दिलीप बरनवाल व मनोज बरनवाल ने बताया कि चारों धाम यात्रा के फल स्वरूप कथा समापन के सातवें दिन 26 तारीख को श्री गया जगन्नाथ जी के भण्डारे का आयोजन किया गया है।

# संस्था ने गर्मी को देखते हुए बच्चो को इलेक्ट्रॉल पाउडर वितरित किए

रिपोर्ट– प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झांसी। उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था द्वारा बिजौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित आदिवासी बस्ती में रहने वाले नन्हे बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक बार पुनः , निरूशुल्क संचालित पाठशाला के नन्हे विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए संस्था के सहयोगी साथी विजय हयारन अपने हाथो से सभी नन्हे विद्यार्थियों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, पेन, बिस्कुट चिप्स,फ्रूटी इलेक्ट्रॉल , 20 किलो चने बच्चो के नाश्ते के लिए ताकि बच्चे स्वस्थ रहे व उन्हें सही पोषण मिल सके। उन्होंने बच्चो की पढ़ाई के प्रति लगन देखकर उनकी प्रशंसा की और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं उन सभी के उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की। टीम उम्मीद का एक मात्र उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा बच्चो को शिक्षित करना है। हर बार संस्था संभव प्रयास करती रहती है। शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत होती है। बच्चे खूब पढ़े व अपने जैसे बच्चो के लिए आदर्श साबित होए।टीम का यही प्रयास रहता है।शिक्षा संबंधित सामग्री पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे, और सभी नन्हे विद्यार्थियों ने विजय हरण जी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर विजय हयारन,ऋषभ हयारन, नंदिनी ताम्रकार ,उन्नति, पारस ,सुरेंद्र खाती , निजाम खान सुहास सारांश आदि उपस्थित रहे।



# भारत विकास परिषद मणिकर्णका का शाखा का अधिष्ठापन व दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

झाँसी ।भारत विकास परिषद मणिकर्णका का शाखा का अधि ाष्ठापन व दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय होटल मे हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त राजेंद्र निगम , श्रीमती निमिषा के मुख्य आतिथ्य व विशिष्ठ अतिथि श्रीमती अनुराध



ाा शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य, एम एस गुप्ता,प्रदीप श्रीवास्तव, के वी गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव के संरक्षण व विशेष आमंत्रित पर्यावरणविद अशोक अग्रवाल काका एवम चार्टर अध्यक्ष डॉ. स्वप्निल मोदी के निर्देशन व रश्मि सक्सेना की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ. जिसमे अधिष्ठापन अधि ाकारी प्रांतीय अध्यक्ष सी.पी गुप्ता व दिशाधिकारी विनोद सराओगी के द्वारा शपथ दिलाई व

दायित्व ग्रहण कराया गया. कार्यक्रम मे मुख्य अथिति व विशिष्ठ अतिथि अजय मोदी, स्वप्निल मोदी,प्रतिभा, रश्मि, ऊषा सेन द्वारा किया गया. कार्यक्रम मे नव सदस्य मे प्रतिभा चौबे,अनीता परिहार,ज्योति, मीनू,बृजलता ने अपने अपने एक्सपीरियंस शेयर किये.जिसमे उन्होंने ने बताया के माणिकर्णका ज्वाइन करने पर सेल्फ कॉन्फिडेंस तथा अपने को एक्सप्रेस करने का तरीका समझ पाए और बहुत कुछ सीखने को मिला.कार्यक्रम मे डॉल डेकोरेशन कॉम्पीटिशन भी रखा गया.जिसमे 20 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया. प्रतियोगिता मे पेपर से बनी डॉल को प्रथम स्थान पर आराधना मोदी, द्वितीय रुई से बनी डॉल जो कि दिव्या गुप्ता, तृतीया सौम्य रावत रही. प्रतियोगिता मे नंदनी,हार्दिक,वैष्णवी, प्राची, सिमरन, नैंसी, सोनिया, कृतिका, भूमिका, अनुष्का, कनिष्का आदि ने सहभागिता की. मान्य और सौम्या परिहार ने लवकुश रामायण का गायन किया. ऋचा और कविता द्वारा बहुत ही सुन्दर राम स्तुति प्रस्तुत करके कार्यक्रम का प्रारम्भ किया. कार्यक्रम मे मनीषा, वंदना और अनीता द्वारा अतिथियों का स्वागत शानदार प्रस्तुति के साथ किया गया।

स्वाति सिंह ने तिलक कर स्वागत किया। भारत विकास परिषद के स्थायी प्रकल्पों के साथ सभी प्रदेशों में इसकी शाखाओं की चर्चा करते हुए कुंज बिहारी गुप्ता ने कृतित्व पर प्रकाश डाला। विशेष आमन्त्रित अशोक अग्रवाल काका ने कहा उन्हें 21 मई 2000 वह दिन याद आ रहा है जब भारत विकास परिषद् का रोपण मान. कुंज बिहारी गुप्ता व एम एस गुप्ता के साथ उन्होंने किया था अब से झांसी में भारत विकास परिषद् के 25 बर्ष पूर्ण होने पर ये वर्ष रजत जयंती कार्यकाल के रूप में मनाया जाना चाहिए।अतिथियों को स्मृति चिन्ह के साथ पौधों के संरक्षण हेतु पौधे के गमले सभी आमन्त्रित गण को भेंट किए गए।कार्यक्रम मे अनुष्का, पूनम रायष बृजलता, कुसुम गुप्ता,आरती, ज्योति, मीनू, शालिनी साहू,जयशिखा, अखिलेश चतुर्वेदी,प्रभास खांडेलवाल, चेतली खांडेलवाल,श्याम, नीलम साहू,राजेस्वरी सेन, सुनीता राजपूत, वर्णिका, अनीता, वर्षा सोनी,कविता अग्रवाल, ऊषा सचान, स्वाति सिंह उपस्थित रही. कार्यक्रम का संचालन स्वप्निल मोदी व ऊषा सेन द्वारा किया गया. आभार सचिव प्रीति चौरसिया द्वारा व्यक्त किया गया।

# बोर्ड परीक्षा में सी.एम.एस. कैम्ब्रिज का शानदार प्रदर्शन

लखनऊ, 24 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के मेधावी छात्रों ने आई.जी.सी.एस.ई. (कक्षा–10) एवं ए–लेवल (कक्षा–12) की कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा में शानदार परीक्षाफल देकर लखनऊ का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल एसेसमेन्ट एजूकेशन (सी.ए.आई.ई.) ने मार्च 2024 में सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं।इस वर्ष, आई.जी.सी.एस.ई. (कक्षा–10) कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों ने 48 ।' ग्रेड एवं 57 । ग्रेड अर्जित कर अपने शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव



बढ़ाया है। अंशिका सेठ ने 6 ।' ग्रेड एवं 1 । ग्रेड, नयनतारा भाटिया ने 5 ।' ग्रेड एवं 1 । ग्रेड, अर्णव अग्रवाल ने 4 ।' ग्रेड एवं 3 । ग्रेड, उथित यादव ने 4 ।' ग्रेड एवं 2 । ग्रेड, अक्षिता श्रीवास्तव एवं खुशी सिंह ने 4 ।' ग्रेड एवं 1 । ग्रेड, मुस्तफा नबी शाह ने 3 ।' ग्रेड एवं 4 । ग्रेड, अर्जुन देव बाबर एवं अनुश्री जालान ने 3 ।' ग्रेड एवं 2 । ग्रेड अर्जित कर टॉप किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में जहाँ एक ओर सी.एम.एस. कैम्ब्रिज की छात्रा अंशिका सेठ एवं आर्यन राजशेखर ने क्रमशः केमिस्ट्री एवं मैथ्स में 98–98 अंक अजित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है तो वहीं दूसरी ओर अक्षिता श्रीवास्तव एवं अर्णव अग्रवाल को आई.सी.ई. सार्टिफिकेशन में डिस्टिंक्शन अर्थात विशेष योग्यता से नवाजा गया है। इसी प्रकार, '।' लेवल (एडवांस लेविल) कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा (कक्षा–12) में सुमाया ने 3 । ग्रेड एवं शुभ ने गणित में । ग्रेड अर्जित कर अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँध ी किंगडन ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

# बुद्धपूर्णिमा को हुआ विश्व एकता एवं विश्व शान्ति का उद्घोष

## सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी को मानद सदस्यता से नवाजा गया

लखानऊ, 23 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका–निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी को बुद्धपूर्णिमा के पावन अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महाबोधि



सोसाइटी द्वारा स्थानीय रिसालदास पार्क में आयोजित प्रार्थना सभा में जहाँ एक ओर विश्व एकता एवं विश्व शान्ति को जोरदार उद्घोष हुआ तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. संस्थापक डा. भारती गाँधी एवं स्वं. डा. जगदीश गाँधी के विश्व एकता, विश्व शान्ति, सर्वधर्म समभाव एवं भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के प्रयासों को सराहा गया। इस अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह ने डा. भारती गाँधी मानद सदस्यता से नवाजते हुए कहा कि सर्वधर्म समभाव एवं महात्मा बुद्ध की विश्व एकता एवं विश्व शान्ति की शिक्षा को आगे बढ़ाने में सी.एम.एस. संस्थापक डा. भारती गाँधी एवं स्वं. डा. जगदीश गाँधी का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रार्थना सभा में बौद्ध समाज की गणमान्य हस्तियों के साथ ही प्रख्यात समाजसेवी श्री मुरलीधर आहूजा, उ.प्र. जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री श्री अब्दुल वहीद व लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विदित हो कि डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में सिटी मोन्टेसरी स्कूल भावी पीढ़ी को मानव कल्याण, विश्व बन्धुत्व एवं ईश्वर भक्ति के उच्च आदर्शों का समावेश करके सच्चे अर्थों में पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कर्तव्य निभा रहा है। '

# हार की बौखलाहट से अनर्गल बयान दे रही भाजपा - अनीस मंसूरी

लखनऊ यअनीस मंसूरी ने कहा कि भाजपा को हार का आभास हो गया है, भाजपा अपनी हार की बौखलाहट से अनर्गल बयान दे रही है.लोकसभा चुनाव के दो चरण शेष हैं। भाजपा



ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण को लेकर गुमराह कर रही है कि हम मुस्लिम ओबीसी आरक्षण को खत्म करदेंगे। जो सरकार मुस्लिम ओबीसी का कोटा अभी निर्धारित नहीं कर पायी वह मुस्लिमओबीसी का आरक्षण खत्म करने की बात कर रही है जिस का संविधानिक अधिकार है।भारतीय जनता पार्टी यदि ओबीसी कि हितैषी है तो ओबीसी की आबादी के अनुपात यानी 54.8 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दे देती ? अनीस मंसूरी पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश,ने कहा कि भाजपा अपने चुनावी जुमलों से शेष दो चरणों के चुनाव में ओबीसी को गुमराह कर के वोट हासिल करना चाहती है ऐसा होने वाला नहीं हैं जनता इन चुनावी स्टंट से होशियार हो चुकी है।

# संपादकीय

## केपी.1 और केपी.2 से घबराहट का माहौल

भारत में कोविड–19 के उपस्वरूप केपी.2 से 290 और केपी.1 से 34 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि होने के साथ ही आम जन में घबराहट का माहौल है।

कोविड–19 के ये दोनों उपस्वरूप सिंगापुर में संक्रमण के मामले बढने के लिए जिम्मेदार हैं, और इस संक्रमण से दुनिया भर के देश चिंतित हो गए हैं।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत काम करने वाली 'इंडियन सार्स–सीओवी–2 कंसोर्टियम ऑन जीनोमिक्स (आईएनएससीओजी) द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, नये मामले सात राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सामने आए हैं।

हालांकि महामारी विशेषज्ञों ने कहा है कि घबराने या चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'इस विषाणु के स्वरूप में तेजी से बदलाव होते रहेंगे और यह सार्स–सीओवी2 जैसे विषाणुओं का नैसर्गिक गुण है।' इन उपस्वरूपों से होने वाला संक्रमण उतना गंभीर श्रेणी का नहीं होगा कि अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ जाए या संक्रमित व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए।

बहरहाल, कोविड–19 ने जिस तरह भारत में जनजीवन और कारोबार को पटरी से उतारा था, और काफी संख्या में लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है, उससे कोविड–19 के संक्रमण के दोबारा दस्तक देने भर से लोगों में सिहरन होने लगती है। कोविड–19 के संक्रमणकाल में देश का स्वास्थ्य ढांचा बुरी तरह नाकाम साबित हुआ था।

लोग हलकान हो गए थे। अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी तो काफी समय बाद सामान्य रफ्तार पकड़ सकी। प्रवासी कामगार पैदल ही अपने घर–गांव जाने के लिए सडकों पर निकल पड़े थे। उन्हें रोकने के प्रयास किए गए तो कई जगह पुलिस के भी हाथ–पांव फूल गए थे, उन्हें अपने घर–गांव लौटने से रोकने में।

दरअसल, मौत का इस कदर खौफ छा गया था कि लोग यह कहते सुने गए थे कि मरना ही है, तो अपने घर पर मरेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत लोग भी दो हिस्सों में बंटे नजर आए। एक हिस्से में ऐसे सेवाभावी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ था, जिन्होंने जान की परवाह न करते हुए संक्रमितों का उपचार किया तो दूसरा हिस्सा ऐसे लोग थे जिन्होंने उपचार के नाम पर लोगों को खुले हाथ लूटने का काम किया।

कई नामी अस्पताल अपना दायित्व भूलकर चांदी काटने में जुट गए थे। बहरहाल, जैसा मंजर था, वह इस नये संक्रमण की दस्तक मात्र से ही सिहरन पैदा करता है, तो हैरानी नहीं।

## सुरक्षित भविष्य की कल्पना

पश्चिमी राजस्थान में घटित जमीन में धंसाव की हालिया दो घटनाओं ने समूचे देश का ध्यान आकर्षित किया है। सोलह अप्रैल को राजस्थान के बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील के सहजरासर गांव में एक खेत का लगभग डेढ़ बीघा हिस्सा जमीन में अचानक धंस गया। इस घटना के कारणों के विषय में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, जैसे भूगर्भीय प्लेटों में हलचल का होना एवं इस क्षेत्र में व्याप्त विशाल जल राशि के दोहन से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना। किंतु भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग के वैज्ञानिक जिस संभावित कारण को सर्वाधिक मान रहे हैं वह है–थार के मरु स्थल के नीचे प्रवाहित सरस्वती नदी के जल के सूखने से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना।

इसी तरह की घटना सात मई को बाड़मेर के नागाणा क्षेत्र में घटित हुई है। यहां तेल के कई कुएंहैं, जिनसे क्रूड ऑयल का उत्पादन हो रहा है। इस क्षेत्र में मंगला टर्मिनल के वेल पेड 3 से 7 के बीच में करीब डेढ़ से दो किलोमीटर लंबी जमीन में दरार आई है। यहां भी जमीन से भारी मात्रा में तेल के दोहन से उत्पन्न हुए रिक्त स्थान के कारण इस घटना का होना माना जा रहा है। वर्ष 2000 के बाद इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। पूर्व में कोलायत में ऐसे ही जमीन का धंसाव हुआ है। इस तरह की घटनाएं भविष्य में किसी बड़ी भूगर्भीय हलचल के होने की ओर इशारा कर रही हैं, जो चिंता का विषय है। ऐतिहासिक तथ्य है कि सरस्वती नदी राजस्थान में थार के मरु स्थल से होकर बहती थी जो कालांतर में लुप्त हो गई।


इसके पश्चात जीआईएस डाटाबेस के आधार पर इसको पुनर्जीवित करने के अभियान की शुरुआत 'प्रोजेक्ट सरस्वती' के तहत हुई। सैटेलाइट इमेज दिखाती है कि सरस्वती नदी की घाटी हरियाणा में कुरुक्षेत्र, कैथल, फतेहाबाद और सिरसा में समाहित है, जबकि राजस्थान में यह नदी श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ और थार के मरु स्थल से होते हुए खम्बात की खाड़ी तक जाती है। बीकानेर और बाड़मेर में हुई घटनाएं सरस्वती नदी घाटी की दिशा में ही घटित हुई हैं। साल 1998 में मिशन सरस्वती योजना के तहत इस क्षेत्र में कई बोरवेल खोदे गए थे जिनसे स्वतरू ही पानी निकलता है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने इनसे निकलने वाले पानी को तीन हजार से चार हजार साल पुराना होने का दावा किया है। इस क्षेत्र में जमीन के नीचे मीठे पानी की लगभग 40–50 मीटर मोटी परत है।

जमीन के नीचे बहती नदी जब सूखने लगती है तो जहां–जहां पानी गहरा होता है उन स्थानों पर तालाबनुमा और झीलनुमा जलीय स्रेत रह जाते हैं। इस क्षेत्र के आस पास सौ से दो सौ किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में किसानों द्वारा पानी दोहन हो रहा है, जिससे पाताल में लगातार वैक्यूम बन रहा है। जिन स्थानों पर यह स्थिति बन रही है उन रिक्त स्थानों पर जमीन बैठने लगती है। बीकानेर में जमीन धंसने से हुआ लगभग 82 फुट गहरा गड्ढा इसी के परिणामस्वरूप बनता प्रतीत हो रहा है जो लगातार गहरा होता जा रहा है। बाड़मेर में जिस स्थान पर जमीन में दरार आई है वहां ऑयल एंड गैस प्लांट है। इस घटना के कारणों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा प्रथम दृष्ट्या यह आशंका जताई जा रही है कि तेल निकालने के लिए होने वाली ड्रिलिंग के चलते लगभग दो किलोमीटर जमीन में दरार आई है, जबकि कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि यहां कई तेल के कुएं हैं, जिनसे दशकों से क्रूड ऑयल का दोहन हो रहा है, इससे आस पास के क्षेत्र में लगातार वैक्यूम बन रहा है। इस कारण से भी दरार का बनना माना जा रहा है। अतरू यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी की भूमि धंसाव एक मानव प्रेरित घटना है। विभर में भूमि धंसाव के सभी मामलों में लगभग 70 प्रतिशत मानवीय गतिविधियों के कारण होते हैं, जिसमें भूजल निष्कर्षण 60 प्रतिशत है।

उपरोक्त घटनाओं ने भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर दी अतरूइन स्थितियों से निपटने के लिए हमें अनुकूल समाधान निकालने होंगे जो इस प्रकार हो सकते हैं–भूजल निष्कर्षण कम करना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भूजल पुनर्भरण को लागू करना इत्यादि। भूजल पुनर्भरण में कृत्रिम पुनर्भरण जैसी विभिन्न तकनीकों के माध्यम से भूजल संसाधनों को फिर से भरना शामिल है। इस प्रक्रिया का उपयोग जलभृतों में पानी की मात्रा बढ़ाने, भूजल की गुणवत्ता में सुधार करने और अत्यधिक भूजल दोहन के कारण होने वाली भूमि धंसाव को रोकने के लिए किया जाता है।

# चुनावी रणभूमि से भाषा की मर्यादा, देश के विकास व आम जनमानस के हित के मुद्दे गायब क्यों?

इस बार के लोकसभा चुनावों में देश में एक अजीबोगरीब माहौल देखने को मिल रहा है, देश के अधिकांश राजनीतिक दल जनता बीच जाते समय अपनी–अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो की खूबियां बताने की जगह एक दूसरी पार्टी के मेनिफेस्टो की खामियों को गिनवाने में ज्यादा व्यस्त हैं। भारतीय राजनीति में गली मोहल्ले से लेकर के देश के सर्वोच्च पद तक के चुनावों में आम जनमानस के हितों को पूरा करने की बात का जिक्र हमारे सभी चुनाव लड़ने व लड़वाने वाले लोगों के द्वारा बार–बार ढिंढोरा पीट–पीट कर किया जाता है। इन चंद लोगों के लिए देशहित के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की बात कहना एक बड़ा अहम चुनावी स्टंट बन गया है। लेकिन यह अलग बात है कि चुनाव जीतते ही देश व आम जनमानस के हित के लिए बड़ी–बड़ी बातें करने वाले इन अधिकांश लोगों के लिए चुनावी वायदे मात्र एक चुनावी जुमला बन करके रह जाते हैं और देश पर सर्वस्व न्यौछावर करने की बात करने वाले यह लोग स्वयं पर ही सर्वस्व न्यौछावर करते हुए अपने हित साधने के लिए लिए देश को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आते हैं। वैसे देश के चुनावी रणों को देखा जाये तो हर स्तर के चुनावों में हमेशा कुछ तो लोकलुभावन वायदे व घोषणाएं हमेशा से ही रहती आयी है, जिन वायदों व घोषणाओं के झांसे में आकर के निष्पक्ष रहने वाला मतदाता किसी एक पक्ष को वोट दे कर के चुनावी समर में इनको जीत दिलवा देता है। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों को देखें तो पूरे चुनाव प्रचार में मेनिफेस्टो को छोड़ कर के अब तक आम जनमानस को ज्यादा कुछ वायदों का पिटारा हासिल नहीं हो पाया है। देश में अब तक के चरणों के संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव प्रचार में गिरती भाषा की मर्यादा, उटपटांग, ऊल–जलूल, कपोल–कल्पित तथ्यहीन बातों व आरोप–प्रत्यारोप का जबरदस्त बोलबाला रहा है, जो प्रगतिशील भारत व सभ्य समाज के लिए किसी भी हाल में उचित नहीं हैं।इस बार के लोकसभा चुनावों में देश में एक अजीबोगरीब माहौल देखने को मिल रहा है, देश के अधिकांश राजनीतिक दल जनता बीच जाते समय अपनी–अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो की खूबियां बताने की जगह एक दूसरी पार्टी के मेनिफेस्टो की खामियों को गिनवाने में ज्यादा व्यस्त हैं। देश की चुनावी रणभूमि में अब तो पूरा का पूरा चुनाव प्रचार जाति–धर्म, आरक्षण व संविधान खघ्तरे में है, पाकिस्तान जैसे विफल देश के कपोल–कल्पित खतघ्रे आदि के बिना सिर–पैर



के मुद्दों में अटक कर रह गया है। जो स्थिति भविष्य में देश की एकता, अखंडता, सर्वांगीण विकास और विकसित भारत के सपने में एक बड़ी बाधा बन सकती है।वैसे जब कुछ माह पूर्व देश में जिस वक्त हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम में दिव्य व भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह चल रहा था, तो उस वक्त अधिकांश लोगों को लगता था कि अबकी बार देश के लोकसभा के चुनावी समर में सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के बीच जातियों की सीमाएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेगी और लोकसभा चुनावों की रणभूमि में केवल और केवल विकास के मुद्दों पर जगह–जगह विस्तार से चर्चा होगी। जाति–धर्म, आरक्षण आदि पर बोले जाने वाले तरह–तरह के चुनावी जुमले इस बार पूरी तरह से चुनाव प्रचार से गायब होंगे। लेकिन अफसोस जैसे–जैसे चुनावी रणभूमि में पक्ष–विपक्ष की सेनाएं आमने–सामने आयी वैसे–वैसे ही विकास व आम जनमानस से जुड़े मुद्दे ना जाने एक–एक करके कैसे कहां गायब हो गये और उनकी जगह जाति की आड़ में लोगों को बरगलाने वाले जहरीली बयानों ने ले ली, धर्म के नाम पर आम जनमानस की भावनाओं से खेलने वाले माहौल ने ले ली। जब चुनाव कुछ आगे बढ़ा तो देश में अचानक से ही आरक्षण खघ्तरे में व संविधान खघ्तरे में आ गया और सभी को उसी में उलझाकर के रख दिया। वैसे देखा जाये तो इस बार के चुनावों में देश को नयी दिशा देने का दंभ भरने वाले अधिकांश लोगों ने पूरे चुनाव प्रचार में आम जनमानस के हित को पीछे छोड़ करके समाज के आपसी प्यार व भाईचारे से ओतप्रोत सामाजिक ताने–बाने को छिन्न–भिन्न करने की कसम खा ली है। इन चंद लोगों ने अपने क्षणिक स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए जरा भी यह नहीं सोचा है कि उनके द्वारा बोयी जा रही

इस बेहद ही जहरीली फसल का परिणाम भविष्य में देश के आम जनमानस को ना जाने कितने दशकों तक भोगना पड़ेगा और सबसे बड़ी चिंताजनक बात यह रही है कि चुनाव आयोग की मशीनरी चुनाव प्रचार के दौरान इस सब पर लगाम लगाने में अब तक तो पूरी तरह से विफल रही है।

# ममता सरकार संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर से नहीं

भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है।पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का। इसके लिए ममता ने देश की एकता–अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है। कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाइकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिमी बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाए मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा करके ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में



ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा। हाईकोर्ट ने ओबीसी के मामले में सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। इसके बाद तो मानो ममता का पारा उछल गया। ममता ने अदालत पर मनमाने आरोप लगा दिए। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक न्यायाधीश कह रहा है कि मैं आरएसएस का आदमी हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो जाता है... आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे बन सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुश्री बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि अदालत का फैसला तपशिली समुदाय के लिए आरक्षण रद्द करने के भाजपा के प्रयासों का हिस्सा है। ममता के आरोपों के जवाब में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सुश्री बनर्जी की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि ममता जी ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल के लोगों से पूछना चाहता हूं – क्या ऐसा कोई मुख्यमंत्री हो सकता है जो अदालत के आदेश को मानने से इनकार कर दे? उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बिना किसी सर्वेक्षण के 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दे दिया। कोई अदालत में चला गया। ममता बनर्जी अपने वोट बैंक के लिए पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लूटना चाहती हैं और मुस्लिम जातियों को आरक्षण देना चाहती हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही जो फैसले हैं, वो बताते हैं कि ममता बनर्जी की सरकार गैर–संवैधानिक तरीके से तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। ममता बनर्जी ने वोटों के ध्रुवीकरण की राजनीति करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुद्दा चाहे रामनवमी पर हिंसा का हो या संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचारों का। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने मुसलमानों के वोट बैंक को रिझाने के लिए उल्टे भाजपा और दूसरे विपक्षी दलों पर ही निशाने साधे हैं। इसके अलावा ममता बनर्जी के मौजूदा और पूर्व कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार का ताडंव जम कर हुआ। शारदा घोटाला और नारद स्टिंग खुलासे, कोयला और मवेशी तस्करी, राशन घोटाले और सरकारी परियोजनाओं के लिए फंड से लिए गए कट मनी के आरोपों के बावजूद ममता सरकार में कोई सुधार नहीं दिखा। इससे जाहिर है कि ममता बनर्जी मनमानी करने पर आमदा हैं। बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी मामला, नगर पालिका नियुक्ति घोटाला व राशन वितरण घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक नेता मंत्री सलाखों के पीछे हैं। इनमें पूर्व मंत्री व विधायक पार्थ चटर्जी, विधायक अनुब्रत मंडल, विधायक मानिक भट्टाचार्य, विधायक जिबनकृष्ण साहा प्रमुख हैं। इस कड़ी में वन मंत्री व पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का नाम जुड़ गया है। करोड़ों रुपये के शारदा चिटफंड घोटाले में तृणमूल के तत्कालीन राज्यसभा सदस्य सृंजय बोस और तृणमूल के विधायक और तत्कालीन परिवहन मंत्री मदन मित्रा को गिरफ्तार किया गया था। मित्रा और बोस दोनों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बंगाल पुलिस ने शारदा चिटफंड घोटाले में टीएमसी के प्रवक्ता और पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य कुणाल घोष को गिरफ्तार किया था। ममता सरकार की सर्वाधिक किरकिरी संदेशखाली की शर्मनाक वारदात में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई।

## आज का राशिफल

मेष राशिरूआज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करना चाहिए। साथ ही आप संवेदनशील भी हो सकते हैं। परिवार वालों के साथ अधिक–से–अधिक समय बितायेंगे।

वृष राशिरू आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जाएँगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। आपके परिवार में सुख–सौभाग्य बढ़ेगा।

कर्क राशिरू आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। आज रोज की अपेक्षा ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा–सा गिफ्ट कर सकते हैं।

सिंह राशिरू आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है।

कन्या राशिरू आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। सभी काम आपके मन– मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। कुछ मनोरंजन के मौके मिल सकते हैं।

तुला राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको पुरानी बातों के झंझट में पडने से बचना चाहिए। छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात की संभावना है।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। कोई नई बात आप सीख सकते हैं। व्यापार में उचित लाभ की प्राप्ति हो सकती है।

धनु राशिरू आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी जाने का प्लान बनायेंगे।

मकर राशिरू आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

कुंभ राशिरू आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे। आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे।

मीन राशिरू आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं। आप लोगों की इच्छाएं समझने की कोशिश में लगे रहेंगे। कुछ नई जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

# यूएई ने सुपरस्टार रजनीकांत को गोल्डन वीजा से किया सम्मानित किया, आखिर इतना खास क्यों होता है यह वीजा



सिनेमा और संस्कृति में रजनीकांत के योगदान की एक महत्वपूर्ण मान्यता में, प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा सम्मानित गोल्डन वीजा प्रदान किया गया है। सुपरस्टार हाल ही में अबू धाबी में थे। सिनेमा और संस्कृति में रजनीकांत के योगदान की एक महत्वपूर्ण मान्यता में, प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा सम्मानित गोल्डन वीजा प्रदान किया गया है। सुपरस्टार हाल ही में अबू धाबी में थे। उन्होंने यूएई सरकार के संस्कृति और पर्यटन विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह प्रतिष्ठित वीजा पाकर श्सम्मानितश महसूस कर रहे हैं। अनुभवी अभिनेता ने वीजा सुरक्षित करने में मदद करने के लिए अपने मित्र और लुलु समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एमए यूसुफ अली के प्रति भी आभार व्यक्त किया। रजनीकांत ने कहा "मैं अबू धाबी सरकार से प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा प्राप्त करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। रजनीकांत ने कहा, श्इस वीजा की सुविधा देने और सभी सहयोग के लिए मैं अबू धाबी सरकार और मेरे अच्छे दोस्त लुलु ग्रुप के सीएमडी श्री यूसुफ अली को हार्दिक धन्यवाद देता हूं।इस गोल्डन वीजा में ऐसा क्या खास है? इसके लिए कौन पात्र है? आओ हम इसे नजदीक से देखें।यूएई का गोल्डन वीजा क्या है?आकर्षक कार्य वीजा, नागरिकता के अवसर और न्यूनतम वित्तीय प्रतिबद्धताओं के साथ प्रत्यक्ष रियल एस्टेट निवेश की मांग करने वाली दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं, शिक्षाविदों और व्यवसायों की बढ़ती मांग के जवाब में, संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने अपनी वीजा नीतियों में एक महत्वपूर्ण बदलाव शुरू किया है।केवल अस्थायी प्रवासी श्रम पर निर्भर रहने से दूर जाने की आवश्यकता को पहचानते हुए, संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक प्रतिभा और निवेशकों को आकर्षित करने और बनाए रखने और वैश्विक व्यापार और प्रतिभा केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। रणनीतिक बदलाव की परिणति 2019 में गोल्डन वीजा की शुरुआत के साथ हुई। यूएई निवास के लिए टिकट के रूप में क्या माना जा सकता है, गोल्डन वीजा निवेशकों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों, असाधारण छात्रों और स्नातकों, मानवतावादी नेताओं और फ्रंटलाइन नायकों सहित विभिन्न श्रेणियों में समृद्ध और कुशल व्यक्तियों को दिया जाता है।संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरातोंअबू धाबी, अजमान, दुबई, फुजैराह, रास अल खैमा, शारजाह और उम्म अल क्वैन में लंबे समय तक रहने का अवसर देता है, बल्कि स्वास्थ्य देखभाल, काम और अध्ययन तक पहुंच भी प्रदान करता है। विशिष्ट विशेषाधिकारों की एक श्रृंखला का आनंद लेते हुए देश। यह उन्हें निवास वीजा के लिए परिवार के सदस्यों को प्रायोजित करने की क्षमता भी देता है, जिसमें पति–पत्नी और बच्चे भी शामिल हैं, भले ही उनकी उम्र कुछ भी हो।इसके अलावा, गोल्डन वीजा कार्यक्रम निवेशकों को प्रायोजक या स्थानीय मेजबान की आवश्यकता को समाप्त करते हुए, सार्वजनिक उद्यमों में निवेश करके 10–वर्षीय स्व–प्रायोजित रेजीडेंसी परमिट सुरक्षित करने का विकल्प प्रदान करता है। अयह दृष्टिकोण न केवल निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है बल्कि यूएई की अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष निवेश को भी प्रोत्साहित करता है, जो बड़े पैमाने पर तेल निर्भरता को कम करने और प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। गोल्डन वीजा के लिए कौन पात्र है? यूएई सरकार की वेबसाइट के अनुसार, जो व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं वे हैं रियल एस्टेट निवेशकरू पांच साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। किसी के पास संयुक्त अरब अमीरात में कम से कम 2 मिलियन दिरहम (4.52 करोड़ रुपये) की संपत्ति होनी चाहिए या विशिष्ट अनुमोदित स्थानीय बैंकों से ऋण का उपयोग करके संपत्ति खरीदनी चाहिए। इस वीजा के लिए प्रायोजक की आवश्यकता नहीं होती है। बिजनेस इनक्यूबेटररू उद्यमियों को इस शर्त पर पांच साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है कि उनके पास कम से कम 500,000 दिरहम (1.13 करोड़ रुपये) की तकनीकी या अभिनव आर्थिक परियोजना हो, जिसके लिए संयुक्त अरब अमीरात स्थित लेखा परीक्षक, संबंधित अधिकारियों और एक मान्यता प्राप्त संयुक्त अरब अमीरात से समर्थन प्राप्त हो। सार्वजनिक निवेश निवेशकरू प्रायोजक के बिना 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है, शर्त यह है कि निवेशकों को या तो एक मान्यता प्राप्त संयुक्त अरब अमीरात निवेश कोष में एईडी दो मिलियन जमा करना होगा, कम से कम एईडी दो मिलियन पूंजी वाला व्यवसाय होना चाहिए, या कम से कम एईडी का भुगतान करना होगा। सालाना सरकारी करों में 250,000 (56 लाख रुपये)। इसके अलावा, उनके पास पूरी तरह से निवेशित पूंजी होनी चाहिए (उधार नहीं दी गई) और उनके पास अपने और अपने परिवार के लिए चिकित्सा बीमा होना चाहिए। डॉक्टर और वैज्ञानिकरू 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। उन्हें संयुक्त अरब अमीरात के स्वास्थ्य और रोकथाम मंत्रालय से अनुमोदन और उपयुक्त वैज्ञानिक परिषदों से अनुशंसा पत्र की आवश्यकता है। आविष्कारकरू 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। उनके पास अर्थव्यवस्था मंत्रालय का एक अनुशंसा पत्र होना चाहिए जो यह पुष्टि करता हो कि पेटेंट संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ता है। संस्कृति और कला में रचनात्मक लोगों को 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। उन्हें संयुक्त अरब अमीरात के संस्कृति और कला विभाग से अनुमोदन पत्र की आवश्यकता है। कार्यकारी निदेशकरू 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। उनके पास प्रासंगिक विश्वविद्यालय की डिग्री, एक ही पद पर कम से कम पांच साल का अनुभव और कम से कम ।म्क 50,000 (11.31 लाख रुपये) का वेतन होना चाहिए। एथलीटरू 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। किसी के पास यूएई जनरल स्पोर्ट्स अथॉरिटी या खेल परिषदों से एक सिफारिश पत्र होना चाहिए।इंजीनियरिंग और विज्ञान के विशेषज्ञरू 10 साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। किसी के पास प्रासंगिक प्रमाणित स्नातक और मास्टर डिग्री और एक कार्य अनुबंध होना चाहिए। उत्कृष्ट छात्ररू पांच साल का गोल्डन वीजा दिया जा सकता है। हाई स्कूल के छात्र और उच्च ग्रेड (कम से कम 95 प्रतिशत) वाले राष्ट्रीय टॉपर, और मान्यता प्राप्त संस्थानों से उच्च जीपीए वाले विश्वविद्यालय के छात्र पात्र हैं। छात्रों को शिक्षा मंत्रालय (अमीरात स्कूल प्रतिष्ठान) से एक अनुशंसा पत्र की आवश्यकता होती है। गोल्डन क्लबरजनीकांत उन विभिन्न हस्तियों और बॉलीवुड हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्हें गोल्डन वीजा दिया गया है। इस साल की शुरुआत में, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, जिन्हें भारतीय दूतावास द्वारा नामित किया गया था, को गोल्डन वीजा दिया गया था। कुमार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की प्रवेश परीक्षा – जेईई–मेन और जेईई–एडवांस्ड जैसी वंचित छात्रों की परीक्षाओं को पढ़ाने के लिए जाना जाता है। जनवरी में, बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन विशिष्ट वीजा क्लब में शामिल हुईं, जिसमें शाहरुख खान और उनका परिवार, संजय दत्त, सानिया मिर्जा, बोनी कपूर और उनके बच्चे, वरुण धवन, रणवीर सिंह, कमल हासन, मोहनलाल, ममूटी, दुलकर सलमान मौनी रॉय, उर्वशी रौतेला, सुनील शेट्टी, नेहा कक्कड़, फराह खान, सोनू सूद, टोविनो थॉमस और अमला पॉल शामिल हैं।

# ट्रंप का फैसला 2024 के चुनाव को कैसे कर सकता है प्रभावित ? दोषी करार दिए जाने या नहीं दोनों के अपने–अपने इफेक्ट नजर आएंगे



ट्रायल के समापन के करीब पहुंचने के साथ ही अब इसके रिजल्ट पर लोगों की निगाहें टिकी है। इस फैसले से ट्रंप के प्रेसिडेंट इलेक्शन कैंपेन पर भी सीधा असर पड़ सकता है।संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में किसी भी पूर्व राष्ट्रपति के पहले आपराधिक मुकदमे की सुनवाई करने वाली जूरी के सदस्य अगले सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के गुप्त धन मामले में अपना फैसला सुना सकते हैं। ऐसे में इस मुकदमे और उसके आने वाले नतीजे का राष्ट्रपति चुनाव पर असर पड़ने की काफी संभावना है। ट्रायल के समापन के करीब पहुंचने के साथ ही अब इसके रिजल्ट पर लोगों की निगाहें टिकी है। इस फैसले से ट्रंप के प्रेसिडेंट इलेक्शन कैंपेन पर भी सीधा असर पड़ सकता है।डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी इतिहास में पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर चार अलग–अलग आपराधिक मामले चल रहे हैं। साल 2017 में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने मीडिया के सामने आकर कहा था कि साल 2006 में डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच अफेयर था। इस बात की भनक ट्रंप की टीम को लग गई थी। उनके वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। डेनियल्स को पैसे का भुगतान करना अवैध नहीं था, बल्कि ये जिस माध्यम से किया गया था वो अवैध था। ट्रंप के वकील ने गुपचुप तरीके से ये डेनियल्स को दी थी। मुकदमे के साथ–साथ ट्रम्प पर रोक के आदेश ने उन्हें हाल के हफ्तों में चुनावी कैंपेन से इतर अदालत में अधिक समय बिताने के लिए मजबूर किया है। ट्रम्प के खिलाफ आरोपों में व्यापार रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामले शामिल हैं, जो न्यूयॉर्क कानून के तहत एक गंभीर अपराध है। आरोप है कि कथित यौन संबंध का खुलासा करने से रोकने के लिए डेनियल्स को किए गए भुगतान को छुपाने के लिए इन रिकॉर्डों में हेराफेरी की गई। हालांकि इससे ट्रम्प इनकार करते हैं। दोषी करार दिए जाने पर क्याअगर ट्रंप दोषी पाए गए तो नतीजे गंभीर हो सकते हैं। जनमत सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि दोषी फैसला मतदाताओं के एक बड़े हिस्से को ट्रम्प का समर्थन करने से रोक सकता है। अप्रैल रॉयटर्सध्इप्सोस पोल के अनुसार, चार में से एक रिपब्लिकन ने कहा कि अगर ट्रम्प को आपराधिक मुकदमे में दोषी पाया जाता है तो वे उन्हें वोट नहीं देंगे, जबकि 60 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी यही भावना व्यक्त की है। हालाँकि, कुछ रिपब्लिकन रणनीतिकारों का तर्क है कि डेमोक्रेटिक अभियोजक द्वारा अपरीक्षित कानूनी रणनीतियों के साथ लाए गए न्यूयॉर्क मामले की प्रकृति, ट्रम्प और उनके समर्थकों को एक पक्षपातपूर्ण हमले के रूप में दोषी फैसले को तैयार करने की अनुमति दे सकती है। दोषी नहींश फैसले का प्रभाव बरी होना संभवतः ट्रम्प के लिए एक महत्वपूर्ण जीत होगी। राजनीतिक उत्पीड़न के उनके दावों को मजबूत करेगी। अभियान के दौरान, ट्रम्प वाशिंगटन, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में अपने ऊपर लगे अन्य आपराधिक आरोपों के खिलाफ अपने बचाव को मजबूत करने के लिए दोषी न होने के फैसले का उपयोग कर सकते हैं। राजनीतिक सलाहकारों का मानना घ्है कि बरी होने से ट्रम्प की बेगुनाही की कहानी मान्य होगी और उनके मुख्य समर्थकों को ऊर्जा मिलेगी। त्रशंकु जूरी होने पर क्या? जूरी सर्वसम्मत फैसले पर नहीं पहुंच पाती है, जिसके परिणामस्वरूप त्रिशंकु जूरी बनती है, तो न्यायाधीश गलत मुकदमे की घोषणा कर देगा। हालाँकि ट्रम्प इसे आंशिक जीत के रूप में पेश कर सकते हैं, लेकिन इसमें बरी होने की स्पष्ट पुष्टि का अभाव है। गलत मुकदमे से पता चलता है कि कम से कम कुछ जूरी सदस्यों का मानना है कि ट्रम्प दोषी थे, जिससे उनके अभियान पर संदेह की छाया बनी रही।

# हसीना के जाल में कैसे फंसा बांग्लादेशी सांसद ? प्रोफेशनल कसाई को कोर्ट में किया गया पेश




पुलिस ने कहा कि , जांच से संकेत मिला कि बांग्लादेशी सांसद एक महिला द्वारा बिछाए गए हनी ट्रैप में फंस गए, जो सांसद के दोस्त की भी करीबी थी। आरोपी कसाई जेहाद हवलादार को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया है। वो हत्या के लिए बांग्लादेश से बुलाया गया था। दो महीने से मुंबई में छिप कर रह रहा था।बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनवर की कथित तौर पर हत्या से पहले उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने के लिए जिस महिला का इस्तेमाल किया गया था, उसे ढाका में हिरासत में लिया गया है। बांग्लादेश पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिलंती रहमान नाम की महिला बांग्लादेशी नागरिक है और मुख्य आरोपी अख्त ज्जमां शाहीन की प्रेमिका है। पुलिस ने कहा कि , जांच से संकेत मिला कि बांग्लादेशी सांसद एक महिला द्वारा बिछाए गए हनी ट्रैप में फंस गए, जो सांसद के दोस्त की भी करीबी थी। आरोपी कसाई जेहाद हवलादार को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया है। वो हत्या के लिए बांग्लादेश से बुलाया गया था। दो महीने से मुंबई में छिप कर रह रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके दोस्तों में से एक ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। अधिकारी ने कहा कि अवामी लीग के सांसद के दोस्त के पास कोलकाता में एक फ्लैट है और वह संभवतरू इस समय अमेरिका में है। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि कोलकाता के न्यू टाउन इलाके के जिस फ्लैट में बांग्लादेश के सांसद को आखिरी बार प्रवेश करते देखा गया था, उसे उसके मालिक ने अपने दोस्त को किराये पर दिया था। इस फ्लैट का मालिक उत्पाद शुल्क विभाग का कर्मचारी है। 8 दिनों तक गुमशुदगी बनी रही पहेली 8 दिनों तक बांग्लादेशी संसद की गुमशुदगी एक मिस्त्री बनी हुई थी। अब उनकी हत्या कमिस्ट्री बन गई है। 56 साल के बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम 12 मई को कोलकाता आए थे। वो एक कान से सुन नहीं पाते थे और उसी का इलाज करवाने भारत आए थे। कब कोलकाता में वह अपने मित्र गोपाल विश्वास के घर में रह रहे थे। 13 मई को सांसद डॉक्टर के पास जाने की बात कह कर दोस्त के घर से निकले थे। 13 में की शाम को सांसद ने अपने दोस्त को व्हाट्सएप मैसेज करके बताया कि वो दिल्ली जा रहे हैं। 15 मई को सांसद अजीम ने अपने दोस्त गोपाल विश्वास को व्हाट्सएप मैसेज किया कि वह दिल्ली पहुंच गए और वीआईपी लोगों के साथ है। इसलिए उन्हें फोन न किया जाए। 17 मई को सांसद अजीम के परिवार ने बांग्लादेश से विश्वास को फोन कर बताया कि अनवारुल का फोन बंद आ रहा है।

इसके बाद कोलकाता पुलिस ने फोन की लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में ट्रैक की। कोलकाता में उनके हत्या की खबर आई है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# जहरीली गैस के रिसाव से भारतीय की मौत, पहचान नहीं की गयी जाहिर

मानवबल मंत्रालय (एमओएम) ने एक बयान में बताया कि दोनों व्यक्तियों की उम्र क्रमशरू24 और 39 वर्ष है और वे मलेशियाई हैं एवं सामान्य कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे।सिंगापुर मेंटैंक की नियमित सफाई करते समय जहरीली गैस का रिसाव होने से बृहस्पतिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान जाहिर नहीं की गयी है।खबर के मुताबिक वह 24 से 40 वर्ष की आयु के उन तीन लोगों में से एक था जो पूर्वाह्न 11 बजकर करीब 15 मिनट पर जलकल एजेंसी के चोआ चू कांग कार्यशाला में बेहोश पाए गए थे।खबर के मुताबिक तीनों को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कर्मी की मौत हो गई। पब्लिक यूटिलिटीज बोर्ड (पीयूबी) ने एक बयान में कहा कि दो अन्य कर्मचारी एनजी टेंग फोंग जनरल अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती हैं।मानवबल मंत्रालय (एमओएम) ने एक बयान में बताया कि दोनों व्यक्तियों की उम्र क्रमशरू24 और 39 वर्ष है और वे मलेशियाई हैं एवं सामान्य कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि भारतीय नागरिक को सुपरसोनिक मेंटेनेंस सर्विसेज ने सफाई संचालन प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया था।



# भूस्खलन से 100 से अधिक लोगों की मौत आस्ट्रेलियाई मीडिया

अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में स्थानीय लोग भूस्खलन के बाद दबे हुए शवों को बाहर निकालते हुए देखे जा सकते हैं।ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प (एबीसी) ने बताया कि सुदूर पापुआ न्यू गिनी में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने का अनुमान है। एबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन की घटना कथित तौर पर दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर उत्तर–पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में घटी। यह हादसा स्थानीय समयानुसार तड़के 3 बजे करीब हुआ।इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में स्थानीय लोग भूस्खलन के बाद दबे हुए शवों को बाहर निकालते हुए देखे जा सकते हैं।



# वियतनाम के हनोई में एक इमारत में आग लगने से 14 की मौत, तीन घायल सरकारी मीडिया

आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया जा सका और अभी यह पता नहीं चल सका है कि जब आग लगी तब इमारत में कितने लोग थे। यह इमारत हनोई की एक संकरी गली में स्थित है।

वियतनाम के हनोई में एक छोटे अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।आधिकारिक 'वियतनाम न्यूज एजेंसी' ने बताया कि आग रात लगभग साढ़े बारह बजे लगी और इसके साथ कई विस्फोट भी हुए। उन्होंने बताया कि आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया जा सका और अभी यह पता नहीं चल सका है कि जब आग लगी तब इमारत में कितने लोग थे। यह इमारत हनोई की एक संकरी गली में स्थित है।

# चीन के अभ्यास के दूसरे दिन ताइवान ने अपने तट के पास दर्जनों युद्धक विमान और नौसैन्य जहाज देखे

'एक–चीन सिद्धांत' के अनुसार चीन केवल एक देश है और कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत ताइवान भी चीन का ही हिस्सा है। चीन का मानना है कि ताइवान को मुख्य भूमि के साथ जोड़ा जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े।ताइवान ने कहा कि उसके तट के पास चीन की सेना के व्यापक अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को दर्जनों चीनी युद्धक विमान और नौसैन्य पोत देखे गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे 49 युद्धक विमान और 19 नौसैन्य पोत के साथ–साथ चीनी तट रक्षक जहाजों का भी पता चला है और बृहस्पतिवार से शुक्रवार तक 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में उड़ान भरी। यह दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है।ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग–ते ने बृहस्पतिवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक समुद्री अड्डे का दौरा किया और नाविकों तथा शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा, ''हम बाहरी चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहे हैं। हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखेंगे।''इससे पहले लाई ने सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में कहा था कि ताइवान ''एक स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र है जिसमें संप्रभुता लोगों के हाथों में है।'' उन्होंने साथ ही बीजिंग से अपनी सैन्य धमकी को रोकने को कहा था।वहीं चीन की सेना ने कहा कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा के समान है। चीन में ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बृहस्पतिवार रात एक बयान में कहा, ''ताइवान के नेता ने पदभार संभालते ही एक–चीन सिद्धांत को चुनौती दी...।''एक–चीन सिद्धांत' के अनुसार चीन केवल एक देश है और कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत ताइवान भी चीन का ही हिस्सा है। चीन का मानना है कि ताइवान को मुख्य भूमि के साथ जोड़ा जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े।



# मोटरसाइकिल की 'नंबर प्लेट' में हेरफेर करने के मामले में सिंगापुर में भारतीय मूल की महिला को जेल

करुणानिधि का अपराध 21 फरवरी 2020 को उस समय सामने आया जब एक एलटीए अधिकारी ने 'सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट' में बेफ्रंट एवेन्यू के पास खड़ी उसकी मोटरसाइकिल के आगे और पीछे की लाइसेंस प्लेट पर अलग–अलग नंबर देखे।भारतीय मूल की एक मलेशियाई महिला को अक्टूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच अवैध पार्किंग से जुड़े पांच मामलों और 'इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग' (ईआरपी) संबंधी 14 मामलों में सिंगापुर में तीन सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है। दीवानई करुणानिधि (28) ने सड़क–कर संग्रह के मकसद से यातायात की निगरानी के लिए यहां सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले सड़क उपयोग शुल्क से बचने के लिए अपनी एक मोटरसाइकिल की लाइसेंस प्लेट में बदलाव किया था। 'चौनल न्यूज एशिया' ने अपनी एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को बताया कि यह पहला मामला है जिसमें भूमि परिवहन प्राधिकरण (एलटीए) ने गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगने से बचने के लिए गलत लाइसेंस प्लेट वाले विदेशी पंजीकृत वाहन का उपयोग करने के मामले में किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया है। खबर में बताया गया है कि बृहस्पतिवार को मिले अदालती दस्तावेजों के अनुसार करुणानिधि को 10 मई को सजा सुनाई गई। एलटीए के अभियोजक डेरेन टोह ने दस्तावेज में बताया कि करुणानिधि का अपराध 21 फरवरी 2020 को उस समय सामने आया जब एक एलटीए अधिकारी ने 'सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट' में बेफ्रंट एवेन्यू के पास खड़ी उसकी मोटरसाइकिल के आगे और पीछे की लाइसेंस प्लेट पर अलग–अलग नंबर देखे।

# आईसीसी ने युवराज सिंह और क्रिस गेल के बाद शाहिद अफरीदी को बनाया एंबेसडर



आईसीसी ने युवराज सिंह और क्रिस गेल के बाद अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एम्बेसडर बनाया है। बता दें कि, इस साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएस में 2 जून से होगा। युवराज सिंह और क्रिस गेल के बाद अब आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एम्बेसडर बनाया है। बता दें कि, इस साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएस में 2 जून से होगा। अफरीदी 2007 में टी20 वर्ल्ड कप के डेब्यू के दौरान फाइनल तक पाकिस्तान टीम का अहम हिस्सा और फिर 2009 सीजन में विजयी अभियान में साथ थे। टूर्नामेंट की अपनी स्मृतियों को याद करते हुए अफरीदी ने टूर्नामेंट के एम्बेसडर के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह जताया है। वहीं इस दौरान शाहिद अफरीदी ने कहा कि, आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। उद्घाटन सीजन में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में सम्मानित होने से लेकर 2009 में ट्रॉफी उठाने तक, मेरे करियर के कुछ सबसे यादगार पल मैंने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में बिताएं हैं। साथ ही उन्होंने पिछले कुछ सालों में टी20 वर्ल्ड कप के विकास पर कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट काफी विकसित हुआ है। मैंने इस सीजन में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं, जो पहले की तुलना में ज्यादा टीमों, ज्यादा मैचों वाला होने जा रहा है। फिलहाल, टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 2 जून से हो रहा है।


?जिसके पहले मुकाबले में सह मेजबान यूएसए डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में कनाडा से भिड़ेगा। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

# चेपाक में हैदराबाद और रायल्स के बीच घमासान, जानें पिच और चेन्नई की वेदर रिपोर्ट



आईपीएल 2024 का दूसरा क्वालीफायर 24 मई को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच को जीतने वाली टीम 26 मई को केकेआर के साथ फाइनल में भिड़ेगी। जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का दूसरा क्वालीफायर 24 मई को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच को जीतने वाली टीम 26 मई को केकेआर के साथ फाइनल में भिड़ेगी। जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स हैदराबाद अपने पहले प्रयास में फाइनल में जगह बनाने में असफल रही थी। को केकेआर से क्वालीफायर–1 में मात मिली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स पहले ही आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंच चुकी है। इस बीच, राजस्थान रॉयल्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में आरसीबी को शिकस्त दी थी। वहीं हैदराबाद और रॉयल्स के बीच अबतक 19 मैच खेले गए हैं। जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने 9 जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 मुकाबले अपने नाम किए हैं। चेपॉक स्टेडियम पर दोनों एक दूसरे से पहली बार भिड़ेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रॉयल्स का उच्चतम स्कोर 220 और न्यूनतम स्कोर 102 रन है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का उच्चतम स्कोर 217 जबकि न्यूनतम स्कोर 127 रन है। वहीं दोनों के बीच खेले गए पिछले 5 मुकाबलों में भी सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी है। उसने 3 जबकि राजस्थान रॉयल्स ने 2 मैच जीते हैं। दोनों के बीच आखिरी मैच इस साल 2 मई को राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। उस दौरान हैदराबाद ने रॉयल्स को महज 1 रन से हरा दिया था। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा वहीं चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम की बात करें तो यहां अबतक 83 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 57.83 प्रतिशत जीत हासिल की है, जबकि चेज करने वाली टीमों ने 42.17 प्रतिशत जीत हासिल की है। ये आंकड़ा इस बात को दर्शाता है कि इस स्थान पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिला है। पिच रिपोर्ट वहीं चेपॉक स्टेडियम की पिच की बात करें तो, इसके दोहरी प्रकृति के होने की उम्मीद है। चेपॉक का रिकॉर्ड देखें तो जैसे–जैसे खेल आगे बढ़ता है यहां के विकेट से स्पिनर्स को मदद मिलने लगती है। इस कारण लंबे–लंबे शॉट्स लगाने वाले खिलाड़ियों के लिए मुश्किल हो जाती है। वेदर रिपोर्ट एक्वावेदर डॉटकॉम के अनुसार, 24 मई को चेन्नई में बारिश की कोई संभावना नहीं है। आर्द्रता का स्तर 75 प्रतिशत से ज्यादा रहेगा, इस कारण दोपहर में गर्मी की स्थिति उमस में बदल जाएगी। हालांकि, दूसरी पारी में ओस अहम भूमिका निभाएगी।

# आईपीएल फाइनल में बारिश बनी बाधा तो किसके सिर सजेगा ताज ? जानें पूरा समीकरण और नियम



अगर क्वालीफायर–2 के दौरान बारिश का खलल पड़ता है तो अंपायर 5–5 ओवर का मैच कराने की पूरी कोशिश करेंगे। अगर ये भी संभव नहीं हो पाता है तो सुपर ओवर की मदद से नतीजा निकालने की कोशिश की जाएगी। अगर सुपर ओवर भी नहीं हो पाता है तो इस स्थिति में मैच रद्द माना जाएगा। आईपीएल 2024 सीजन अब अपने समापन की तरफ बढ़ चुका है। क्लालीफायर–1 जीतकर कोलकाता नाइट राइडर्स पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। जबकि क्लालीफायर–1 हारने वाली सनराइजर्स हैदराबाद और एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स क्वालीफायर–2 में टकराएंगी। वहीं क्वालीफायर–2 मुकाबला आज यानी 24 मई को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच जीतने वाली टीम 26 मई को केकेआर के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भिड़ेगी। लेकिन सवाल ये है कि अगर क्वालीफायर या फाइनल में बारिश बाधा बनती है तो नतीजा क्या होगा और किस टीम के सिर खिताब सजेगा?वास्तव में ये सवाल जरूरी भी है क्योंकि इस लीग में बारिश के कारण कुछ मुकाबले रद्द भी हुए हैं। जहां 13 मई को गुजरात और केकेआर के बीच का मुकाबला बारिश में धुल गया था। तो 16 मई को ँत्भ और गुजरात टाइटंस का मैच भी बारिश के कारण रद्द हुआ था। लेकिन क्वालीफायर–2 और फाइनल दोनों ही मुकाबले चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में होंगे। अगर दोनों ही मुकाबलों के दौरान बारिश आती है और मुकाबला रद्द करने की नौबत आती है, तो क्या होगा? आईपीएल की प्लेइंग स्थिति के अनुसार, अगर क्वालीफायर–2 के दौरान बारिश का खलल पड़ता है तो अंपायर 5–5 ओवर का मैच कराने की पूरी कोशिश करेंगे। अगर ये भी संभव नहीं हो पाता है तो सुपर ओवर की मदद से नतीजा निकालने की कोशिश की जाएगी। अगर सुपर ओवर भी नहीं हो पाता है तो इस स्थिति में मैच रद्द माना जाएगा। इस स्थिति में पॉइंट टेबल के हिसाब से विजेता घोषित किया जाएगा। इसका मतलब है कि ग्रुप स्टेज के बाद फाइनल पॉइंट्स टेबल में जो टीम ऊपर होगी, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। ऐसे में इस क्वालीफायर–2 में हैदराबाद विजेता रहेगी, क्योंकि वो दूसरे नंबर पर काबिज थी। जबकि राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर रही थी। हालांकि, फाइनल के लिए नियम अलग है। फाइनल मैच के लिए रिजर्व डे फाइनल मुकाबले के लिए रिजर्व डे है या नहीं ये फिलहाल स्पष्ट नहीं है। हालांकि, पिछले साल फाइनल मुकाबला रिजर्व डे में पहुंचा था। जिस कारण इस बार भी स्थिति के जैसी बनने पर रिजर्व डे का इस्तेमाल किया जाएगा। आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई में होना है। अगर फाइनल के दिन बारिश के कारण नतीजा नहीं निकलता तो मुकाबला 27 मई को करवाया जा सकता है। रिजर्व डे में मैच वहीं से शुरू होगा जहां रुका था। अगर रिजर्व डे में भी बारिश का खलल होता है और नियमित समय में कम से कम 5–5 ओवरों का खेल संभव नहीं हो पाता है तो आईपीएल के विजेता का फैसला सुपर ओवर से होगा। अगर फाइनल मुकाबले में सुपर ओवर नहीं हो पाता तो यहां भी पॉइंट्स टेबल के आधार पर विजेता का फैसला होगा। चेन्नई का मौसम वहीं चेन्नई के मौसम की बात करें तो एक्वावेदर के अनुसार, 24 और 26 मई को बारिश की आशंका ना के बराबर है। 24 मई को बारिश की संभावना महज 5 प्रतिशत जबकि 26 मई को 4 प्रतिशत है। फाइनल मुकाबले के दिन यहां का

# बीसीसी सचिव जय शाह ने किया कंफर्म, जस्टिन लैंगर और रिकी पोंटिंग को नहीं दिया मुख्य कोच बनने का ऑफर



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चौनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं। पोंटिंग और लैंगर दोनों आईपीएल में क्रमशरू दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच के रूप में शामिल हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ ही भारतीय टीम के वर्तमान हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी खत्म हो जाएगा। ऐसे में टीम इंडिया का मुख्य कोच बदला जाएगा, जिसके लिए बीसीसीआई ने आवेदन मांगे हैं। इस बीच कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर को मुख्य कोच बनने का ऑफर दिया। हालांकि, अब इन सभी रिपोर्ट्स पर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि, बोर्ड ने किसी भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को कोचिंग के लिए ऑफर नहीं दिया है। दरअसल, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चौनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं। पोंटिंग और लैंगर दोनों आईपीएल में क्रमशरू दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच के रूप में शामिल हैं।

बीसीसीआई सचिव ने आगे कहा कि, हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक सावधानीपूर्वक और गहन प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हैं और रैंकों में आगे बढ़े हैं। साह ने ये भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए अहमद मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि ये समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए अहम होगी। बता दें कि, हाल ही में जस्टिन लैंगर और रिकी पोंटिंग ने इस बात का खुलासा किया था कि उन्हें बीसीसीआई की तरफ से मुख्य कोच के पद के लिए प्रस्ताव आया था। हालांकि, दोनों ने इस ऑफर को खारिज कर दिया। अब बोर्ड सचिन ने दोनों दिग्गजों के दावे को खारीज कर दिया है। गौतम गंभीर के नाम पर जोरवहीं, पूर्व भारतीय खिलाड़ी गौतम गंभीर भी मुख्य कोच के दावेदार हैं। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि, बीसीसीआई ने पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर से इसको लेकर चर्चा की है। गंभीर इस समय आईपीएल में केकेआर के मेंटॉर हैं। उनकी मेंटरशिप में टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। इससे पहले वह लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर थे। तीनों फॉर्मेट के लिए एक हेड कोच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल ही में साफ किया था कि अगल फॉर्मेट के लिए अगल कोच नहीं होगा। बल्कि ऐसे में तीनों फॉर्मेट के लिए एक ही कोच की तलाश होगी। जो 3.5 साल तक भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं नए कोच के आवेदन के लिए बोर्ड ने आवेदन की आखिरी तारीख 27 मई को निर्धारित की है।

# दिनेश कार्तिक ने IPL और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया।ाईपीएल ऐसा मंच है जहां कार्तिक की मांग कभी कम नहीं हुई। अपने 20 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर–बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाये रखा।आईपीएल के इस सत्र में बल्ले से दमखम दिखाने के बाद कार्तिक ने खुद को राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध करार दिया था लेकिन भारतीय चयनकर्ताओं ने युवा प्रतिभा को मौका देने का मन बना लिया था। कार्तिक ने इस साल फरवरी मार्च में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान संन्यास लेने का मन बना लिया था लेकिन उनकी योजना के बारे में दुनिया को तब पता चला जब इंग्लैंड के माइकल एथरटन ने एक पॉडकास्ट में गलती से इसका खुलासा कर दिया।कार्तिक 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से इसका अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इसके 17 सत्र में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5000 से ज्यादा रन बनाये है। विकेट के पीछे भी उन्होंने 145 कैच लपकने के साथ 37 स्टंपिंग किये हैं। वह 2013 में आईपीएल चौम्पियन बनने वाली टीम मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे।

# गर्मी के कारण आने लगे चक्कर तो बचने का यह है आसान तरीका, लू लगे इससे पहले ही कर लें ये काम



भारत इस वक्त भीषण गर्मी से जूझ रहा है. जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव और भी तेजी से बढने वाली है. साइंटिस्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ महीनों में हीट वेव लगातार बढ़ेगा. जिसमें हीट सिंकोप की दर अधिक है. हीट वेव के कारण लोगों को बेहोशी या चक्कर आने जैसी समस्या ज्यादा हो रही है. यह ऐसी स्थिति है जो आमतौर पर बहुत देर तक खड़े रहने या बैठने या लेटने के कारण होता है.

बेहोशी के ऐसे मामले अक्सर होते हैं और भारत में स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों में अक्सर देखे जाते हैं एक ऐसा देश जिसकी आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है. लेकिन चक्कर आने की समस्या को अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है. क्योंकि माना जाता है कि तापमान में वृद्धि ही इसके लिए जिम्मेदार है. हालांकि, काफी ज्यादा गर्मी पडने के कारण इसका बुरा असर शरीर पर पड़ता है.हीट वेव के कारण चक्कर क्यों आते हैं?भीषण गर्मी में जब तापमान बडने लगता है तो शरीर के अंदर का बैलेंस बिगड़ जाता है. ऐसे में स्वेटिंग शुरू होती है. जिसके कारण शरीर से काफी ज्यादा पसीना निकल जाता है.यही वजह है कि अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं. बाद में यही चक्कर का कारण बनती है.गर्मी जब ज्यादा पड़ती है तो अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं. इसके कारण हीटबर्न और हीट स्ट्रोक जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. दरअसल, शरीर में टेंपरेचर को मेंटेन नहीं कर पाता है. जिसके कारण टेंपरेचर बढ़ जाता है. शरीर को ऐसा करने से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है.एक इंसान 42.3 डिग्री तक का तापमान हेंडिल कर सकता है. एक व्यक्ति बहुत ही ज्यादा गर्मी और ठंडा बर्दाश्त नहीं कर सकता है. ऐसी स्थिति में बेहोशी, चक्कर जैसी समस्या होती है.

# शुगर के मरीज को ग्लूकोज पाउडर पीना चाहिए या नहीं, क्या इसमें भी शुगर फ्री का आप्शन आता है ?




ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं और अंगों के लिए एनर्जी का प्रमुख सोर्स है. इसकी कमी से शरीर कमजोर महसूस करने लगता है. गर्मी के मौसम में बहुत से लोग ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करते हैं, जो हाई ग्रेड डेक्सट्रोज से बना होता है. यह ग्लूकोज का ही रूप है. इसमें कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन ष्ठ मौजूद होता है.

एक्सरसाइज, खेलकूद या सफर करने के बाद जब थक जाते हैं तो ग्लूकोज इंस्टैंट एनर्जी देने का काम करता है. इससे मसल्स की रिकवरी होती है और शरीर को ठंडक मिलती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या शुगर के मरीज ग्लूकोज पाउडर पी सकते हैं, क्या उनके लिए भी यह फायदेमंद है या इसके कुछ नुकसान भी हैं.

क्या शुगर के मरीज पी सकते हैं ग्लूकोज पाउडर

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ग्लूकोज सिर्फ फायदेमंद ही नहीं नुकसानदायक भी हो सकता है. अगर ग्लूकोज का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है तो ब्लड शुगर के लेवल का कंट्रोल खत्म हो सकता है. इससे ब्लड शुगर बढ़ सकता है, जो डायबिटिक यानी शुगर के मरीजों के लिए ठीक नहीं है. ग्लूकोज पाउडर के अधिक सेवन से बार–बार पेशाब आने की समस्या और खाने की क्रेविंग बढ़ सकती है.मोटापा बढ़ा सकती है, जो डायबिटीज का कारण है

ग्लूकोज पाउडर का ज्यादा सेवन मोटापा बढ़ा सकता है, जो डायबिटीज के कारणों में से एक है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि, ग्लूकोज जब शरीर में पहुंचता है तो शुगर की मात्रा को बढ़ा देता है, जिससे मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और मोटापा बढने लगता है. इसकी वजह से खाने की क्रेविंग बढ़ती है और ज्यादा खाने–पीने का मन करता है. इससे वजन बढ़ सकता है. ग्लूकोज शरीर में वॉटर रिटेंशन को बढ़ा कर सूजन पैदा कर सकता है.कब और कितना लेना चाहिए ग्लूकोज पाउडर1. ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल रोजाना नहीं करना चाहिए.2. गर्मी के मौसम में दिन में एक बार से ज्यादा ग्लूकोज न लें.3. दो चम्मच ग्लूकोज पाउडर और एक गिलास ठंडा पानी ही लें.4. ग्लूकोज को खाली पेट और सुबह पीना अच्छा माना जाता है.5. धूप से आने के बाद तुरंत ग्लूकोज पाउडर वाला पानी न पिएं.6. डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह पर ही किसी ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करें

# इलाहाबाद और फूलपुर सीट पर मतदान आज

## पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, बने हैं 2241 मतदान केंद्र

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज में कल मतदान होना है। जिसको लेकर आज पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हो रही हैं। परेड ग्राउंड, केपी इंटर कॉलेज, एमएनएनआईटी कैंपस व नार्दर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से पोलिंग पार्टियां रवाना की जा रही हैं। तेज धूप और गर्मी को देखते हुए रवानगी स्थल पर पंडाल, पंखा और पेयजल की व्यवस्था कराई गई है। शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। गुरुवार शाम यहां से प्रचार प्रसार थम गया। मतदान के लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों को बूथों पर भेजा रहा है। वोटिंग के लिए जनपद में 4712 पोलिंग बूथ और 2241 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एक बूथ पर पीठासीन अधिकारी समेत चार कार्मिक लगाए गए हैं। इनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय चुनाव कर्मचारी शामिल हैं।

कार्मिकों को बूथों तक पहुंचाने के लिए शहर के परेड ग्राउंड, केपी इंटर कॉलेज, एमएनएनआईटी कैंपस व नार्दर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से रवानगी स्थल बनाया गया है। एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा ने बताया कि सभी कार्मिकों को अपनी निजी साधनों से रवानगी स्थल पर पहुंचना होगा। वहां से बसों के माध्यम से संबंधित विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथों में भेजा जाएगा। और बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 7 बजे सभी कार्मिकों को रवानगी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।परेड ग्राउंड से मेजा करछना, बारा, कोरांव, प्रतापपुर और हंडिया, केपी कॉलेज से इलाहाबाद पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी, एमएनएनआईटी से फाफामऊ और सोरांव तथा नार्दर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से फूलपुर में लगे मतदान कार्मिक रवाना होंगे।इलाहाबाद और फूलपुर संसदीय सीटों कल यानी 25 मई को मतदान होगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन के साथ रवाना की जा रही हैं। इसके लिए शहर में चार केंद्र बनाए गए हैं। जहां से पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल तक जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी है। परेड ग्राउंड, केपी इंटर कॉलेज, नार्दर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान से पोलिंग पार्टी रवाना किये जा रहे है। जनपद में 4712 बूथों पर कल शनिवार को मतदान होगा। सभी बूथ पर चार मतदानकर्मियों की तैनाती की गयी है। करीब 21 हजार मतदानकर्मियों को लगाया गया हैं। डीएम नवनीत सिंह चहल ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिया। प्रयागराज में दोनों लोकसभा के अतिरिक्त आंशिक के कुछ भाग के प्रतापपुर और हंडिया विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसके बाद ईवीएम मुंडेरा मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी।

डीएम ने चारो स्थलों पर बिजली बिजलीऔर पंडाल के साथ–साथ डॉक्टरों की टीम एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था करने का कारण निर्देश जारी किया है।

# मतदान के पूर्व सियासतदानों की बहसों में बनती–बिगड़ती रही सरकारें

## चाय की दुकान पर एनडीए और इंडी गठबंधन के पक्ष में बिछी शतरंज की बिसात

## किसी ने बेरोजगारी, मंहगाई, आरक्षण तो किसी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दी दलीलें

प्रयागराज। छठे चरण मतदान के पूर्व शुक्रवार सुबह छह बजे झूंसी पुलिस बूथ के पास एक चाय की दुकान पर जुटे सियासतदानों ने भट्ठी पर खौलती चाय के इंतजार में भाजपा और इंडी गठबंधन की सरकारें बनाने–बिगाड़ने में मशगूल दिखे।

घंटो चली बहस में तमाम तार्किक दलीलें दी जा रही थी। किसी ने बेरोजगारी, मंहगाई, संविधान, आरक्षण का मुद्दा उछाल चुनावी हवा का रुख इंडी गठबंधन के पक्ष में बताया तो एनडीए समर्थक पिछले कार्यों अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, आर्टिकल 370, व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट आदि को गिनाते हुए इंडी गठबंधन के दावों को पंचर कर रहे थे।

सियासत के बिछी शतरंज की बिसात पर मुहरों की चाल उत्तेजना से चलते हुए कुछ लोगों ने आसपास की सभी पांचों सीटें इंडी गठबंधन की झोली में डाल दिया, तर्क दिया कि भाजपा एवं एनडीए गठबंधन के कुछ नेताओं की बयानबाजी से उपजी राजा भय्इया की तल्खी का असर कौशांबी, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, और भदोही यानी पांचों सीटों पर पड़ रही है। किंतु उनके दावों को खारिज करते हुए दूसरे पक्ष ने केवल कौशांबी की सीट पर संशय जताया, शेष सभी सीटें भाजपा के पाले में उछाल दी। गरमागरम चाय का कुल्हड़ जब तक हाथ में आता, चरम पर पहुंच चुके डिबेट में दोनों पक्षों के समर्थकों ने कई बार मोदी और राहुल गांधी की ताजपोशी कर डाली। बहस का सिलसिला अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से जो शुरू हुआ तो जांत–पांत पर आकर अटक गया। महेंद्र विश्वकर्मा व अधिवक्ता सजन यादव ने बेरोजगार यूथ के साथ कई जातियों का मत इंडी गठबंधन के साथ गिना डाला, वही बैठे सुरेन्द्र सिंह, कैप्टन अशोक सिंह, अशोक कुमार राय, राजू उपाध्याय आदि ने लोकसभा चुनाव में जांत–पांत के समीकरण को सिरे खारिज करते हुए कहा जब राष्ट्र सुरक्षित हाथों में रहेगा तभी जाति, धर्म, क्षेत्र का कोई मायने होगा। बहसबाजी हिन्दू–मुसलमान पर शुरू होती कि बीच में दखल देते हुए वार्ड संख्या 75 के पार्षद अनिल कुमार यादव ने सभी को शांत कराते हुए कहा बहस में ऊर्जा खपाने के बजाय लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग देशहित में अधिकतम मतदान कराने का प्रयास कीजिए। जिससे स्वस्थ्य लोकतंत्र की स्थापना हो सके। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थकों की दलीलें सुन रहे मोहन लाल, शंभूनाथ यादव, विकास केसरवानी, घनश्याम सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि ने पार्षद अनिल कुमार की बातों का समर्थन करते हुए बहस पर विराम कराया, चाय की चुस्की ली और अपने अपने घरों को चल दिए।

# वीरेंद्र बने क्रीड़ा भारती काशी प्रांत के मंत्री

प्रयागराज। अखिल भारतीय स्तर पर क्रीड़ा भारती राष्ट्रीय कार्यकारणी, (नियामक मण्डल) की ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम के अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय महामंत्री राज चौधरी ने किया। इस बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर पदाधिकारी के कार्य क्षेत्र एवं दायित्व में भी काफी परिवर्तन हुआ। इसी क्रम में काशी प्रांत के उपाध्यक्ष वीरेंद्र नाथ उपाध्याय को काशी प्रांत के मंत्री पद के दायित्व को प्रदान किया गया, पूर्व में वीरेंद्र नाथ उपाध्याय प्रांत के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। दिनेश जायसवाल को काशी प्रांत उपाध्यक्ष बनाया गया है। क्रीड़ा भारती खेलकूद को समर्पित एक राष्ट्रीय संस्था है। वीरेंद्र के मार्गदर्शन में प्रयागराज में भी क्रीड़ा भारती ने खेल के क्षेत्र और उसके विकास में अपना काफी योगदान प्रदान किया है। वीरेंद्र नाथ उपाध्याय एक उत्कृष्ट एवं ख्याति प्राप्त क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने स्कूली क्रिकेट से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर काफी नाम कमाया है।वीरेंद्र नाथ उपाध्याय इलाहाबाद विश्वविद्यालय, केपी कालेज, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रिकेट टीम के कप्तान रहे। इन्होंने अधिवक्ताओं के चार विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है, इसके साथ–साथ वीनू मांकड़ स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में भी इन्होंने प्रदेश टीम में अपना स्थान बनाया एवं इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलॉजी के जनरल कप्तान भी रहे। विभिन्न खेल संगठनों और खिलाड़ियों ने वीरेंद्र के काशी प्रांत के मंत्री बनाए जाने पर रजनीश राय, डॉ. शरद जैन, कुणाल रवि सिंह, अतुल सिद्धार्थ, नवीन पोरवाल, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. भास्कर शुक्ला, श्रीमती सोनिका, अर्चना, प्रभा, चंद्र प्रकाश, दिनेश वरुण, श्याम सिंह, ज्योति प्रकाश ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पांच दिवसीय योग कार्यशाला का हुआ भव्य समापन

मीरजापुर(आरएनएस)। पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में सिंधोरा डगमगपुर स्तिथ एमजी एजुकेशनल ट्रेनिंग सेंटर एण्ड कालेज में चल रहे पांच दिवसीय योग विशेष कार्यशाला के भव्य समापन अवसर पर राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने जनपद विभिन्न स्थानों से आए हुए बीएड अभ्यर्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हु उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एक पूर्ण व्यायाम है, जिसके नित अभ्यास से मनुष्य के शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। तथा शरीर पुर्णरूप से हष्टपुष्ट बलिष्ठ मजबूत व बलवान होता है। साथ ही फेफड़े लीवर किडनी भी हमेशा स्वस्थ रहते हैं। इसलिए अगर मनुष्य को स्वस्थ और खुश रहना है और उसके पास समय का अभाव है तो प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का तीन से 5 बार अभ्यास करने मात्र से मनुष्य का शरीर निरोगी हो जाता हैं। कार्यकम के समापन अवसर पर प्रबंधक उमाशंकर गुप्ता ने योग गुरु योगी ज्वाला सिंह व प्रवीण कुमार मौर्या को अंगवस्त्रम व प्रतिमा भेंटकर करते हुए उन्हें सम्मानित किया एवं पांच दिनों तक हु योग विशेष कार्यशाला की भूरि भूरि प्रशंसा प्रशंसा करते हुए , उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को नितप्रतिदिन योग अभ्यास करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ शशिबाला जायसवाल ने कहा कि विश्व योग गुरु बाबा रामदेव ने योग के माध्यम से जीवन से हार मान जानें वाले लाखों लोगों को नया जीवन दिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मानव जीवन के लिऐ हवा और पानी आवश्य है, उसी तरीके से शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाएं रखने के लिए योग भी अति आवश्यक है। इसलिये सभी को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए।

योग कार्यशाला के समापन अवसर पर योग गुरु ने सभी अभ्यर्थियों से योग सम्बन्धित विशेष प्रश्नोत्तरी करते हुए सभी का मूल्यांकन कर सबको उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुलायम सिंह यादव, प्रवीण कुमार शुक्ला, दीप्ति, गार्गी सिंह, प्रियंका सिंह, ध्रुव कुमार चौहान, साधना यादव, सौरभ, ब्यूटी गुप्ता, अंकिता सिंह, आकांक्षा सिंह, सरिता सिंह, अलका शर्मा, मानसी यादव संग आदि लोग उपस्थित रहे।

# 'निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने हेतु अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश

मीरजापुर(आरएनएस)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग नियुक्त विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी नायक एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री मनमोहन सिंह तथा विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मीरजापुर व सोनभद्र के पूर्व से नियुक्त प्रेक्षक सामान्य एम वल्ललार, व्यय प्रेक्षक संकेत काले, पुलिस प्रेक्षक आरबी दहले के अलावा जनपद सोनभद्र में नियुक्त तीनों प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन व सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों जनपदो में चुनावी तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी नायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मतदान केन्द्रो पर मतदाताओ की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल, शौचालय, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाए उपलब्ध हो। उन्होंने मतदान केन्द्रवार की गयी तैयारियो, पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्रो, मतदेय स्थलो पर की जाने वाली बेबकास्टिंग व्यवस्था, माइक्रो आर्बजर्वर की तैनानी, सीएपीएफ की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वर्नलेबुल एवं संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथो पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये। प्रेक्षक ने सभी विधानसभावार सहायक रिटर्निंग आफिसर से भी उनके द्वारा की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की व आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रयागराज(आरएनएस)। लोकसभा सामान्य निर्वाचनद् 2024 को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए शुक्रवार को सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को भी पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना किया गया। प्रयागराज जनपद में कुल 46,64,519 मतदाता हैं जिसमे पुरुष मतदाता की संख्या 25,27,676 और महिला वोटर्स की संख्या 21,36,224 हैं । प्रयागराज की फूलपुर और इलाहबाद सीट में दस विधानसभा क्षेत्र है जबकि दो विधानसभा सीट हंडिया और प्रतापपुर भदोही लोकसभा में आती हैं। जनपद में कुल 2244 मतदान केंद्र और 4712 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिले में 4412 मॉडल बूथ हैं जिसमे 12 पिंक बूथ और 05 मॉडल बूथ शामिल हैं । जिले में 386 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं । मतदान केंद्रों के पास गर्मी को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। पेय जल और छाया की भी व्यवस्था की गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने पोलिंग पर्सन को निर्देश देते हुए कहा कि अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचते ही एक बार भ्रमण करना अवश्य सुनिश्चित कर लें। यदि बूथ के आसपास कहीं पर राजनीतिक दल एवं प्रत्याशियों के पोस्टरध्बैनर आदि लगे हो तो उन्हें तत्काल हटाने की कार्यवाही करें। किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो।प्रयागराज में मतदान के पहले जिले की सीमाएं सील कर दी गईं हैं , जनपद में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। जनपद में कुल 71 स्थानों पर चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, जो अंतरराज्यीय व अंतर जनपदीय सीमा पर स्थित हैं। चेकपोस्ट पर पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। जनपद में मप्र सीमा पर कोरांव, शंकरगढ़ व खीरी थाना क्षेत्र में कुल 13 स्थानों पर चेकपोस्ट पर सतर्कता बरती जा रही है। वहीं, पूरामुफ्ती, एयरपोर्ट, मऊआइमा, फूलपुर, हडिया और मेजा थाना क्षेत्र में 15 अंतरजनपदीय चेक पोस्ट बनाए गए हैं। वहां अगले दो दिनों तक लगातार 24 घंटे निगरानी बरती जाएगी। इसके अलावा जनपद में भी संवेदनशील स्थानों पर कुल 43 चेकपोस्ट पर सघन चेकिंग जारी है। अंतरराज्यीय व अंतर जनपदीय सीमा पर चेकिंग के साथ ही जनपदद्द में 108 उड़नदस्ते भी हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन शिफ्टों में कुल तीन–तीन फ्लाइंग सर्विलांस व स्टेटिकसर्विलांस टीमें लगातार भ्रमणशील की गई हैं।

# अमृतानश की बल्लेबाजी से सेंट पीटर्स क्लब को मिली जीत

प्रयागराज(आरएनएस)। सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने सुनैना देवी स्मारक अंडर –12 क्रिकेट सीरीज में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब को 19 रन से हराकर सीरीज में अजय बढ़त हासिल किए हैं। सेंट पीटर्स क्लब के अमृतानश यादव के शानदार ( 71 रन, 59 गेंद, आठ चौके ) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है।

शुक्रवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने 25 ओवर में आठ विकेट पर 163 रन ( अमृतानश यादव 71रन, आदित्य सिंह 1ध्21, आयुष बिन्द 1ध्25, प्रत्युश त्रिपाठी 1ध्44 ) पर बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 25 ओवर में सात विकेट पर 144 रन ( राज 22, अनुपार्ष पाल 21, रूपक पाल 15 नाबाद, प्रियदर्शी सिंह 15, अर्नव सिंह 13 रन, प्रांजल 1ध्18, आयुष त्रिपाठी 1ध्19, अनन्या भारतीय 1ध्23, देव 1ध्29 ) ही बना सकी। मैच से पहले सीरीज का उद्घाटन सुनैना देवी की बहू व भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब के कोच सचिन प्रकाश की माता गीता देवी ने किया, आयोजन सचिव सचिन प्रकाश ने मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया, इस अवसर पर श्यामू भारतीय, राम चंद्र यादव, उमेश सरोज राजेश कुमार सरोज, बजरंगी विश्वकर्मा, व सुशील कुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# संगम में विसर्जित हुईं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य की मां की अस्थियां

प्रयागराज। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवीराजे सिंधिया की अस्थियां शुक्रवार को संगम में विसर्जित कर दी गईं। अस्थियों को लेकर राणा कारण सिंह, सरदार संग्राम सिंह, प्रभात शर्मा, इंद्रजीत सिंदे आए थे। ये सभी राज परिवार के करीबी हैं। सरदार संग्राम सिंह सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट के सचिव हैं।

उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार निधान के दस दिन बाद अस्थियों को संगम में विसर्जित किया जाता है। उसी के अनुसार वे सभी अस्थियों को लेकर आए हैं। सुबह करीब दस बजे वे रामबाग स्थित ग्वालियर कोठी पहुंचे। वहां करीब एक घंटे तक अस्थि कलश को लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। उसके बाद संगम में उसे प्रवाहित करने की प्रक्रिया विधि विधान से पूजन कर पूरी की गई। संगम तट पर पं. श्याम जी तिवारी ने पूजन आदि की प्रक्रिया पूरी कराई।

# आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

प्रयागराज(आरएनएस)। आजम खान, अब्दुल्ला और तंजीम की 7 साल की सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला आ गया है। आजम खान के लिए बड़े दिनों बाद राहत भरी खबर आई है।आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। हाई कोर्ट ने उनकी सात साल की सजा पर रोक लगा दी है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान एंड फैमिली के लिए राहत भरी खबर है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजम खान को मिली सात साल की सजा पर रोक लगा दी है। हालांकि पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम की सजाओं पर रोक नहीं लगाई गई। कोर्ट ने पत्नी और बेटे की सजा पर रोक लगाने वाली अर्जियों को मंजूर नहीं किया. हालांकि कोर्ट ने आजम खान पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्लाह आजम तीनों की जमानत मंजूर कर ली है। बेटे अब्दुल्ला आजम के दो बर्थ सर्टिफिकेट बनवाए जाने और उनके गलत इस्तेमाल पर केस दर्ज हुआ था।

# उमरे प्रयागराज द्वारा निःशुल्क जल प्याऊ सेवा का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भीषण गर्मी से राहत देने के लिए जनता की सेवा में निःशुल्क जल प्याऊ सेवा का आयोजन निरंतर किया जाता रहता है। इस क्रम निःशुल्क सेवा का आयोजन केंद्रीय चिकित्सालय के बाहर एवं आकस्मिक विभाग के गेट के पास 30 लीटर के चार बड़े–बड़े घड़ों में शीतल जल की व्यवस्था की गयी है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके सहायकों तथा राहगीरों को शीतल जल पिलाकर निःस्वार्थ उनकी सेवा की जा सके।

सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा, अनूप कुमार श्रीवास्तव व अमरकांत चौधरी द्वारा मिष्ठान वितरित कर शीतल जल पिलाकर निःशुल्क जल प्याऊ सेवा का उद्घाटन किया गया तथा लोगों को जल संरक्षण के महत्त्व को समझातें यह अपील भी की कि जल को व्यर्थ न करें। इस कार्यक्रम में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सेवानिवृत्त अधिकारी ए. के आर्य, सतीश चंद्र, मो. हिबुल्लाह सहित 30 सदस्यों ने भी भाग लिया।

# आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

प्रयागराज(आरएनएस)। औद्योगिक क्षेत्र स्थित बजहा गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक का आम के पेड़ से लटकता हुआ शव मिला है। इससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति बजहा गांव में एक आम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर लिए है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की तो मृतक की शिनाख्त नीरज प्रजापति (34) पुत्र रामधनी निवासी जोकनई, थाना करछना के रूप में हुई। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल की जांच किया। पुलिस के अनुसार मामला आत्महत्या का है। परिजन अभी इसका कारण नहीं बता सके। युवक की शादी भी नहीं हुई थी।

# शोहदे की छेड़खानी से युवती का स्कूल जाना हुआ दूभर

## परिजनों ने दर्द कराई एफआईआर

प्रयागराज(आरएनएस)। इंटरमीडिएट की छात्रा को एक शोहदे ने परेशान कर दिया है। कॉलेज जाते समय उसका पीछा करता है और रास्ते में परेशान करता है। शोहदे के इस हरकत से छात्रा बीमार हो गई है। मानसिक रूप से परेशान है। छात्रा की शिकायत पर जार्ज टाउन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी युवक की तलाश में शुक्रवार को छापामारी की लेकिन वह अपने घर पर नहीं मिला। आरोपी घर छोड़कर भागा हुआ है। छात्रा जार्जटाउन स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। उसने पुलिस को बताया कि झूसी का रहने वाला अमित यादव कई दिनों से उसको परेशान कर रहा है। उसके साथ ऋषभ वर्मा भी आता है। दोनों मिलकर उसका पीछा करते हैं। कॉलेज से निकलते ही पीछे लग जाते हैं और रास्ते में छेड़खानी करते हैं। उसकी बात न मानने पर मारने की धमकी देते हैं। छात्रा ने आरोपियों का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद महिला हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत की। छात्रा ने अपने घरवालों को बताया कि उसके परिजनों ने पहले आरोपी युवक को समझाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। आखिर में छात्रा के पिता ने जार्जटाउन थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी शोहदे के कारण उसकी मानसिक हालत बिगड़ गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आग से झूलसे युवक की मौत

प्रयागराज(आरएनएस)। शाहगंज थाना क्षेत्र के बैगनटोला निवासी इमरान (22) की एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब एक माह पहले वह किसी बात से नाराज होकर घर के बाहर आग लगा कर खुद को जलाने की कोशिश की थी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। तभी से उसका एसआरएन में इलाज चल रहा था।

इमरान कबाड़ का व्यवसाय करता था। उसके परिवार में एक बेटा व एक बेटी है पत्नी कुछ महीने पहले छोड़कर चली गयी है। पुलिस ने बताया कि इमरान का पूरा परिवार कबाड़ का कारोबार करते है। इमरान की शादी नाहिद के साथ हुई थी। इमरान और नाहिद से दो बच्चे है। नाहिद फोन पर किसी से बात करती थी। बच्चे ये बाते इमरान को बताते जिसको लेकर अक्सर इमरान और उसकी पत्नी में झगड़ा होता था। 25 अप्रैल को नाहिद फोन पर बात कर रही थी तभी इमरान ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। जिसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के ही बीच मे नाहिद बच्चों और इमरान को छोड़कर भाग गई। पत्नी की हरकत से आहत होकर इमरान ने आग लगा ली। जिससे वो बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे एसआरएन में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान आज इमरान की सांसें थम गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रंगकर्म चित्रकला तथा कविता पर विचार विमर्श

प्रयागराज(आरएनएस)। जाने–माने रंगकर्मी– रंग निर्देशक एवं नाट्य लेखक शैलेश श्रीवास्तव के काला–डांडा स्थित आवास पर वरिष्ठ कवि डा. योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबन्धु एवं शम्भूनाथ श्रीवास्तव शम्भु तथा अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा का समागम हुआ। विषय था अनौपचारिक बैठक में रंगकर्म– चित्रकला तथा कविता पर विचार विमर्श करना तथा कविता पाठ।

अपने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कलाकार की सरलता सहजता के बीच उसकी दुर्गम कला यात्रा पर चर्चा हुई और एक ठोस कार्य करने का संकल्प लिया। योगेन्द्र ने गरीबी और बेबसी को चित्रित करती हुई अपने शिक्षाकाल की रचना सड़क के एक किनारे सुनाकर एक प्रश्न पूरे समाज–देश के सामने खड़ा कर दिया। शम्भूनाथ ने शायरी पेश की कि तुमने जो मुंह से फूंककर शमा बुझा दिया। हसरत भरे परवाने का अरमां मिटा दिया। सुनाकर सोचने को मजबूर कर दिया। कहा कि ऐसी बैठकें रचनात्मकता के लिए खाद–पानी का काम करती हैं।

रवीन्द्र ने कला को स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य टानिक की संज्ञा से नवाजा और अपनी कविता साथ चाहिए को सुनाते हुए कहा कि धड़कन को एक श्वांस चाहिए, मित्रता को विश्वास चाहिए। जीने को एक आस चाहिए चिंतन को आध्यात्म चाहिए। थिरकन को एक पांव चाहिए, चित्रण को एक भाव चाहिए। बिम्बों को आकार चाहिए, स्वप्नों को साकार चाहिए पर खूब तालियां बटोरी। शैलेश ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए अंत में आभार प्रकट किया।

# मतदान को लेकर भाजपा ने की तैयारी

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज की दोनों सीटों पर पड़ने वाले मतदान को लेकर संगठन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर विधानसभा स्तर पर पोलिंग एजेंटों, पोलिंग सेंटर प्रमुखों,बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की गई और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को बताया गया। इसके अलावा मतदान की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपने सभी पोलिंग सेंटर पर अपना कैंप लगाएगी और कैंप के माध्यम से मतदाताओं की सुविधा के लिए मोबाइल एवं लैपटॉप के माध्यम से वोटर पर्ची बनाएंगे, और गर्मी के कारण उनके लिए पानी की व्यवस्था करेंगे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।